
लोधेश्वर महादेवा मंदिर परिसर में शनिवार रात से ही श्रद्धालुओं की लग गयी थी कतार। ● अमृत विचार


लोधेश्वर महादेवा के गर्भगृह में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़। ● अमृत विचार


रामसनेहीघाट के प्राचीन बुढ़वा बाबा शिव मंदिर परिसर में लगी शिव भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

# महाशिवरात्रि पर महादेवा में तीन लाख से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक

## शनिवार की आधी रात के बाद से ही श्रद्धालुओं की लग गयी थी कतार, जिले के अन्य शिव मंदिरों पर भी भोर से शुरू हो गया था दर्शन-पूजन का क्रम

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** पौराणिक तीर्थस्थल श्री लोधेश्वर महादेवा में रविवार को शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। महाशिवरात्रि के मौके पर भोर से शुरू जलाभिषेक देर रात तक चलता रहा। शिवभक्तों की कई किलोमीटर लंबी कतार आराध्य के दर्शन को आतुर रही। रविवार देर शाम तक तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। शनिवार की आधी रात के बाद से ही भक्त कतार में लगकर गर्भगृह के पट खुलने का इंतजार करते रहे। लाखों कांवरियों और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को भांग, धतूरा, बेलपत्र, अक्षत, शहद, घी, दही, अर्पित कर दूध और गंगा जल से अभिषेक किया।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोधेश्वर महादेवा मंदिर में तिल रखने भर की जगह नहीं बची। देर रात तक पूरा मेला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। पर्व की पूर्व संध्या से ही लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर, सीतापुर, बहराइच, अयोध्या, झांसी, जालौन, एटा, मैनपुरी व इटावा सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से श्रद्धालुओं का महादेवा आगमन शुरू हो गया था। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय तथा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी देर रात तक मेला परिसर में डटे रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे। मंदिर के मुख्य द्वार, गर्भगृह और मेला क्षेत्र में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती रही तथा पीएसी की दो प्लाटून भी सुरक्षा में लगाई गई थी।


अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

### अवसानेश्वर मंदिर में शिवभक्तों का लगा तांता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अवसानेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार से ही शिव भक्तों की पहुंचने की सिलसिला जारी था। मध्यरात्रि तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंच जाने की वजह से रविवार सुबह 3 बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओ के लिए खोल दिए गए। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजय गिरि ने बताया कि डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। एडिशनल एसपी रितेश सिंह, एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल भी मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए देखे गए।


भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कई जगह लगे भंडारे, श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**रामनगर, अमृत विचार :** महादेवा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का आयोजन किया गया। केसरीपुर के पास नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। बुढ़वल शुगर मिल के निकट हाईवे स्थित हनुमान मंदिर पर ग्राम प्रधान श्वेता मिश्रा के नेतृत्व में मनोज मिश्रा, सचिन आदि के सहयोग से भंडारा लगा। अवस्थी पेट्रोल पंप के निकट निर्भय उर्फ दीनू अवस्थी ने प्रसाद वितरित किया। मेला समिति द्वारा श्रद्धालुओं को फलों का वितरण किया गया। वहीं, महादेवा स्थित लोधेश्वर फिलिंग सेंटर पर निरंकार सिंह द्वारा भी भंडारा चलाया गया। विभिन्न स्थानों पर भंडारों से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली।

# शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, गाजे-बाजे संग निकली शिव बरात

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पर्व पर रविवार को भोर से लेकर देर रात तक उल्लास का माहौल रहा और लोग शिवभक्ति में रमे रहे। अबीर-गुलाल उड़ा तो शहर से लेकर गांव गली-मोहल्लों में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। दोपहर बाद शहर व बंकी कस्बा में निकली शिवबारात आकर्षण का केन्द्र रही।

शहर के कैलाश आश्रम, नागेश्वर नाथ, दुग्धेश्वर महादेव, शिवमंदिर लखपेड़ाबाग, देवा के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आदि मंदिरों में पहुंचे शिवभक्त पूरी तरह से भक्ति में डूबे दिखाई दिए। शहर में नागेश्वरनाथ मंदिर से निकली शिव बरात में जहां एक और मंगलगीत गूंजे तो वहीं बराती झूम उठे। भगवान भूतभावन के दूल्हा स्वरूप और उनके गणों के स्वरूप के दर्शन के लिए सभी मार्गों पर लोग डटे रहे। हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार किल्ला स्थित किलेश्वर महादेव मंदिर, त्रिवेदीगंज क्षेत्र के सोनेश्वर महादेव मंदिर शिवनाम, जंगलेश्वर महादेव मंदिर टिलिया जौरास में भी मेले का आयोजन हुआ। वहीं त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर तिलोकपुर, सुबेहा क्षेत्र के कालेश्वर धाम कैथी, हैदरगढ़ कस्बा स्थित रामेश्वरम शिवाला पर भी जलाभिषेक करने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान हैदरगढ़ कोतवाली, लोनीकटरा, सुबेहा थाना पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। कई जगहों पर शिव भक्तो द्वारा ओम नमः शिवाय मंत्र का 24 घंटे का अखंड जप एवं रामचरितमानस के अखंड पाठ का भी आयोजन किया गया। रनापुर में पंचायत भवन के निकट स्थित बागेश्वर महादेव मंदिर एवं ठठराही वार्ड स्थित रामेश्वरम शिवाला व किल्ला स्थित किल्लेश्वर मंदिर पर भण्डारे का आयोजन किया गया। रामेश्वरम शिवाला पर चल रहे महाशिवरात्रि पर्व के अंतिम दिन कस्बा स्थित रामलीला कोठी से नगर के प्रमुख मार्गों पर बाबा रामेश्वर की भव्य बारात निकाली गई। बारात के समापन पर मंदिर पर बाबा रामेश्वर महादेव को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भिटरिया-दरियाबाद मार्ग स्थित तासीपुर के निकट कल्याणी नदी के ऊंचे टीले पर बने प्राचीन बुढ़वा बाबा शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन सतर्क रहा। उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार, बदोसरांय में दुग्धेश्वर महादेव मंदिर से शिव बारात निकाली गई। यह बारात दुग्धेश्वर महादेव मंदिर से दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई और पूरे कस्बे का भ्रमण किया। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर आशीष अवस्थी और ज्योति गुप्ता द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित और सिद्धार्थ अवस्थी ने भंडारों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वॉलीबॉल टूर्नामेंट की विजेता टीम के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। सुरक्षा के लिए कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी तैनात रहे। सफदरगंज प्रतिनिधि के अनुसार, जवाहरपुर स्थित गंगेश्वर महादेव मन्दिर में उधौली से आई शिव बारात का स्वागत किया गया। शिव बारात उधौली के पुरानी बाजार से प्रारम्भ होकर गंगा दास कुटी और अहमदपुर पुलिस चौकी स्थित शिव मंदिर होते हुए जवाहरपुर पहुंची। यहां गंगा प्रसाद दीक्षित, सुधाकर प्रसाद दीक्षित और लालता प्रसाद दीक्षित ने बारात का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने आरती, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक कर बेलपत्र, पुष्प एवं गंगाजल अर्पित किया।


शहर स्थित मंदिर में पूजा करते बच्चे। ● अमृत विचार


महाशिवरात्रि के अवसर पर बंकी कस्बे में निकाली गयी शिव बारात। ● अमृत विचार

### गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी स्थित ओम नगर नई बस्ती में शक्ति माता मंदिर पर विशेष आयोजन किया गया। शिव जाप, भव्य शोभायात्रा और विशाल भंडारे का आयोजन एडवोकेट अनूप कुमार यादव व अन्य शिवभक्तों के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शोभायात्रा शक्ति माता मंदिर से प्रारंभ होकर मंझपुरवा स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची और पुन: वापस आकर मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे। शिव बारात की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा, जबकि ड्रोन कैमरों से शोभायात्रा की निगरानी की गई। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए। एडवोकेट अनूप कुमार यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि पर प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

# तिलक समारोह में गया युवक खेत में मृत मिला

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तिलक समारोह में गया एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेत में मृत अवस्था में मिला। कनपटी पर चोट के निशान थे तो बाइक कुछ ही दूर खड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे लच्छी मजरे डिगसरी गांव का रहने वाला सिंधराज यादव 30 पुत्र स्व. भोला यादव शनिवार की शाम डिगसरी गांव के ही परिचित मनीराम साहू के पुत्र के तिलक समारोह में बाइक से गया था। हालांकि वह अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गया। देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो गए और तलाश शुरु कर दी पर कुछ पता नहीं चला। खोजबीन चल ही रही थी कि रविवार की सुबह एक ग्रामीण से खबर मिलने पर परिजन घर से एक किमी दूर गांव के स्वागत द्वार पर गए तो यहां गेहूं के खेत में सिंधराज मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी बाइक कुछ ही दूरी पर खड़ी थी। मौके पर मृतक की कनपटी पर चोट के निशान देखे गए। जिससे अनहोनी की आशंका हुई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि मृतक का एक भाई सूरज दिल्ली में तो मँझला भाई लखनऊ में दिहाड़ी मजदूरी करता है। सिंधराज अपनी मां के साथ रहता था। थानाध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी के अनुसार घटना की जांच की जा रही है।

# घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र में एक युवक का शव घर में ही फांसी के फंदे से लटका मिला। रविवार सुबह परिजनों के जागने पर घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। घटना थाना क्षेत्र के ग्राम मीननगर मजरे महमूदपुर बनौगा में शनिवार देर रात हुई। बताया जा रहा कि इस गांव के रहने वाले धर्मेश लोध (18) पुत्र स्व. रामशंकर ने शनिवार रात घर में कमरे के दोनों दरवाजे बंद कर लिए। इसके बाद परिजन भी सो गए। रविवार की सुबह देर तक न उठने पर मां रामकुमारी ने धर्मेश को जगाने के लिए दरवाजा खटखटाया पर नहीं खुला। आवाज लगाने पर भी कोई नहीं बोला तो उसे शक हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। किसी तरह दरवाजा खुलवाने पर देखा गया कि धर्मेश का शव फंदे लटका हुआ था। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया।

# पीटे गए चालक को पुलिस ने भी धुना

**मनमानी**

- **ओवरटेक के विवाद में वाहन चालकों ने की थी पिटाई**
- **घटना से नाराज ग्रामीणों ने थाना परिसर में किया प्रदर्शन**

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात लग्जरी कारों के काफिले को ओवरटेक करने पर दबंगों ने एक पिकअप चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित चालक को ही थाने लाकर बंद कर दिया।

घटना से नाराज ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस को चालक को रिहा करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के रनापुर गांव निवासी प्रवीण रावत देर रात जनपद रायबरेली के हलोर कस्बे से पिकअप लेकर लौट रहे थे। रायबरेली-हैदरगढ़ मार्ग पर हैदरगढ़ की ओर जा रही आधा दर्जन से अधिक लग्जरी कारों के काफिले को ओवरटेक करने पर काफिले में सवार लोगों ने आपत्ति जताई।

लोगों के अनुसार, काफिले में शामिल वाहनों ने आगे जाकर मुख्य चौराहे पर पिकअप को घेर लिया और चालक को नीचे उतारकर मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस पर आरोप है कि उसने प्रभावशाली लोगों की बात सुनकर घायल चालक को ही हिरासत में ले लिया।

इतना ही नहीं, जब परिजन और गांव के कुछ लोग थाने पहुंचे तो उन्हें भी बिठा लिया गया। एक पूर्व प्रधान को भी थाने में रोके जाने की चर्चा है। ग्रामीणों ने भाजपा नेता एवं नगर पंचायत चेयरमैन आलोक तिवारी से मदद की गुहार लगाई।

चेयरमैन समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे तो पुलिस से बहस हो गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने थाने परिसर में बैठकर नारेबाजी शुरु कर कर दी। स्थिति देख कोतवाल अभिमन्यु मल्ल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया।

पुलिस ने पिकअप चालक को रिहा करते हुए उसका मेडिकल परीक्षण कराया और अज्ञात वाहन सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वहीं इस संबंध में कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने धरना या पुलिस उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया। कहा कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### महादेवा पहुंचे डीजीपी, किया पूजन


मंदिर में सपत्नीक पूजा करते डीजीपी। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार देर शाम प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव धाम पहुंचे सूबे के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने सपत्नीक मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे, पूजन के उपरांत पुलिस महानिदेशक ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। कमांडो दल और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक कुमार त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय समेत अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### भंडारे के साथ श्री राम कथा का समापन


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** गोढवा ग्वारी स्थित आदि शक्ति दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा का समापन भंडारे से हुआ। प्रवाचक रंजीता नंद महाराज ने बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए अश्वमेघ व पुत्रकामेष्ठि यज्ञ कराया, जिसके प्रसाद से माता कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी ने गर्भधारण किया और चैत्र शुक्ल नवमी को राम सहित भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ। आयोजन में पुजारी रामपाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### ससुराल से भगाई गईं गर्भवती समेत दो महिलाएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज की मांग न पूरी होने पर एक गर्भवती समेत दो महिलाएं ससुराल से निकाल दी गईं। पीड़िताओं ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जैदपुर क्षेत्र के अहमदपुर की समीना ने आरोप लगाया है कि उसका पति शहीम आए दिन शराब के नशे में दहेज की मांग को लेकर उसे गाली-गलौज और मारपीट करता है। पीड़िता के मुताबिक विवाह के समय उसके पिता ने वाहन के लिए 80 हजार रुपये नकद दिए थे, जिसे पति ने खर्च कर दिया। अब फिर से गाड़ी और नकदी की मांग की जा रही है। आरोप है कि 11 फरवरी को पति ने लात-घूंसों और डंडों से मारपीट कर उसे घर से भगा दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरा मामला थाना सफदरगंज क्षेत्र का है। मंजू देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी 7 दिसंबर 2021 को नीरज से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दो लाख रुपये नकद और वाशिंग मशीन की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। मंजू देवी ने अपने पति पर किसी अन्य युवती से संबंध होने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार 8 फरवरी को पति, सास-ससुर और जेठ ने मिलकर डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की, जेवरात व कपड़े छीन लिए और गर्भवती हालत में घर से भगा दिया।

# तार चोर गिरोह पकड़ा गया, 5 गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** गूगल सर्च से पावर हाउस की लोकेशन पता लगाकर रेकी करने के बाद चोरी को अंजाम देने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे लगा है। टीम ने इनके कब्जे से बड़ी मात्रा में एल्युमीनियम व तांबे के विद्युत तार, एक अर्टिगा कार, एक पिकप, 5 मोटरसाइकिल, नकदी, 20 कुर्सी व उपकरण आदि सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने पुलिस लाइन में रविवार को बताया कि स्वाट, सर्विलांस व थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने इरफान अली उर्फ मुजफ्फर पुत्र सरवर अली निवासी ग्राम अफजलपुर पट्टी थाना शहजादनगर जनपद रामपुर, वसीम पुत्र शफीक निवासी ग्राम रूड़की व परवेज पुत्र नवी अहमद निवासी ग्राम गुलरिहा थाना बहेड़ी जनपद बरेली, आरिफ पुत्र महमदू निवासी ग्राम महतोष थाना खजुरिया जनपद रामपुर, आसिफ पुत्र शाबिर निवासी मोहल्ला नौगवा थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत को रसौली अण्डर पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 16 बण्डल एल्युमीनियम का विद्युत तार लगभग 5 कुन्तल, 4 बण्डल तांबे का विद्युत तार लगभग 1.09 कुन्तल, 9 बण्डल केबिल छिलका लगभग 3.17 कुन्तल, 4 बोरी तांबे का तार छिलका लगभग 1.05 कुन्तल, 3 तार कटर, एक प्लास, एक छोटी बेल्डिंग मशीन, दो चारपहिया वाहन, 5 मोटरसाइकिल, 20 प्लास्टिक कुर्सी व 3200 रुपये नकद बरामद किए। पूछताछ से पता चला कि इनका गिरोह बिजली घर से बिजली का तार चोरी करता है, जिसका सरगना इरफान अली है। इन सभी ने लखनऊ में एक मकान को किराये पर ले रखा है, तथा वहीं गोदाम भी बनाये हैं। यह सभी गूगल सर्च के माध्यम से विद्युत पावर हाउस की लोकेशन सर्च करते थे तथा बाद में मोटरसाइकिल से कुर्सी बेचने के बहाने उस स्थान पर जाकर रेकी करते और रात में तार की चोरी करके लखनऊ, स्थित गोदाम पर ले जाकर तार को छील कर उसे पिकप पर लोड करके दिल्ली स्थित कबाड़ मार्केट में स्क्रैप के रूप में बेच देते थे। पुलिस द्वारा अन्य वांछित नूर हसन, जावेद, वाहिद निवासी अज्ञात व सुनील कुमार निवासी अफजलपुर पट्टी थाना शहजादनगर जनपद रामपुर की तलाश की जा रही है।


पकड़े गए गिरोह की जानकारी देते एसपी। ● अमृत विचार

# अल्टीमेटम की मियाद आज पूरी, जांच जारी

**शोएब हत्याकांड**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जेलर हत्याकांड के आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बाबी के हत्याकांड के तीसरे दिन भी पुलिस को खास सफलता नहीं मिल सकी है। संदिग्धों से पूछताछ का दौर जारी है। उधर सोमवार को वकीलों की ओर से दिए गए अल्टीमेटम की मियाद पूरी हो रही है। अधिवक्ताओं ने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार दोपहर अयोध्या लखनऊ हाईवे पर बाराबंकी सीमा में असैनी मोड़ पर लखनऊ से बाराबंकी कार से अकेले आ रहे वकील शोएब किदवई उर्फ बाबी को गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। खबर मिलते ही एसपी व कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की उधर एडीजी लखनऊ प्रवीण कुमार ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। डाक्टरों के पैनल के पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट के अलावा चार अन्य पुलिस टीमों को जांच के लिए जुटा दिया गया। हत्याकांड को 36 घंटे से ऊपर बीत चुके हैं लेकिन कोई खास लीड हाथ न लगने से पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। सोमवार को अधिवक्ता संघ के अल्टीमेटम का समय भी पूरा हो रहा। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना के खुलासे व हत्यारों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें लगातार काम कर रही हैं।

न्यूज ब्रीफ

### बालक किशोर, तहरीर पर गुमशुदगी रिपार्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बडनपुर से 13 वर्षीय किशोर लापता हो गया। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी जब उसका सुराग नहीं मिला तो मां ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। गीता पत्नी गुरुदयाल निवासी ग्राम बडनपुर थाना बिलग्राम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका 13 वर्षीय पुत्र ज्ञानू 13 फरवरी को दोपहर बिना बताए कहीं चला गया। संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर किशोर की तलाश की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली और टिकैतनगर थाना क्षेत्रों में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। दोनों ही मामलों में पीड़ितों ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।
पहली घटना थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम कुरथरा की है। नरेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी कामिनी देवी 2 फरवरी को जिन्द बाबा की मजार पर दीपक जलाकर वापस लौट रही थीं। आरोप है कि राम चबूतरा के पास ग्राम बेरिया निवासी कुलदीप ने उन्हें रोककर थप्पड़ मारना शुरू कर दिया और गाली-गलौज की। शोर सुनकर गदवापुर निवासी गुड्डू मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।
दूसरी घटना थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम परसावल मांझा की है। अवधराज पुत्र मंगल यादव ने तहरीर देकर बताया कि 14 फरवरी को वह अपने बड़े भाई पृथ्वी राज के साथ ट्रैक्टर से खेत जोत रहे थे। इसी दौरान खेत की मेड़ पर खूंटा गाड़ने को लेकर पड़ोसी शिशुपाल, निरंजन और महेन्द्र पाल से कहासुनी हो गई।

# बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## महाशिवरात्रि पर रामलीला व भंडारे का भव्य आयोजन, सुबह से ही श्रद्धालु की लगीं रहीं कतारें

परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पर रविवार को मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारी भीड़ रही। इसमें रामलीला व भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा वातावरण 'हर हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

भक्तों ने उपवास रखकर सुख-समृद्धि के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। मुख्य अतिथि नगर पालिका उन्नाव चेयरमैन के प्रतिनिधि भानु मिश्रा ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। सुरक्षा व शांति बनाए रखने के लिए सफीपुर एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।



बाबा बलखंडेश्वर मंदिर में सुरक्षा को लेकर तैनात पुलिस बल।

### हर-हर, बम-बम के उद्घोष से गूंजे शिवालय

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर रविवार को नगर के पश्चिम बाईपास मार्ग स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन पूजन हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने बम-बम भोले के उद्घोष के साथ कतार में लगकर भव्य पंचमुखी शिवलिंग का बेलपत्र, धतूरा, दुग्ध व गंगाजल अर्पित कर पूजन किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु एएसपी प्रेमचंद के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर व बाहर गशत करते रहे। एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने भी राजस्व कर्मियों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं का जायजा लिया। इसके अलावा नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, मोहल्ला तकिया के रामेश्वर महादेव मंदिर, स्टेशन रोड चौराहा स्थित ओंकारेश्वर मंदिर, भैरवानंद मंदिर तथा बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भी हजारों श्रद्धालु भक्तों ने पवित्र शिवलिंग का पूजन किया।



बोधेश्वर महादेव मंदिर में सुरक्षा के लिए तैनात एसडीएम व एएसपी।

### धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर नगर में भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकली। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। यात्रा का शुभारंभ मोटेश्वर मंदिर से हुआ। यहां भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर यात्रा शुरू हुई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों—चौमुखी देवी मंदिर, राहतगंज बाजार, गुलाब बिल्डिंग, मुख्य मार्ग, शंकरी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर व नाना राव पेशवा मार्ग से होकर गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी व झांकियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष पवन सोनी व आलोक गुप्ता ने किया। इसमें नगर पंचायत चेयरमैन के पुत्र देवांग बाजपेई रहे। साथ ही अविनाश गुप्ता, प्रांजुल सोनी, शरद गुप्ता, राकेश तिवारी लल्ला, इन्नू लोधी, व बबलू मिश्रा आदि रहे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। नगर भ्रमण के बाद यात्रा पुन: मोटेश्वर मंदिर पहुंची और वहां स्थित भगवती चरण वर्मा पार्क में सभा के साथ संपन्न हुई।

## महिला की संदिग्ध हालात में मौत, लुधियाना में था पति

संवाददाता, हरदोई

● परिजन ने मानसिक रूप से बीमार रहने की दी जानकारी

**अमृत विचार।** पति लुधियाना में और उसकी पत्नी बच्चों के साथ गांव में रहती थी, रविवार को उसकी तबियत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। जबकि उसके देवर का कहना है कि वह मानसिक तौर पर बीमार थी, उसी के चलते मौत हुई। वहीं पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बिद ही इस बारे में कुछ कहा जाएगा।

माधौगंज थाने के पिपरावां निवासी चेतराम लुधियाना में रह कर वहां मज़दूरी करता है, जबकि उसकी 40 वर्षीय पत्नी रुचि अपने दो बेटों व दो बेटियों के साथ गांव में रहती थी। रविवार की दोपहर रुचि की तबियत बिगड़ गई। उसे सीएचसी मल्लावां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। वहीं रुचि के देवर रामजीवन का कहना है उसकी भाभी मानसिक तौर पर बीमार रहती थी, उसी में तबीयत ज़्यादा बिगड़ गई थी। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध है, शव का पोस्टमार्टम होगा, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जाएगा।

## सुख-समृद्धि का मांगा आशीर्वाद

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** नगर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व आस्था व हर्षोल्लास के साथ मना। नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। नगर के मोटेश्वर महादेव मंदिर व शंकरी देवी मंदिर परिसर स्थित शिवलिंग पर भक्तों ने पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सिर्फ नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिवभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। चकलवंशी स्थित भीमेश्वर शिव मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी। मिर्जापुर, जटपुरवा व दरौली के शिव मंदिरों में भी भक्तों ने विधि-विधान से पूजन किया। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा, गन्ना, पुष्प व दूब अर्पित कर महादेव को प्रसन्न किया। क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिरों को भव्य व आकर्षक ढंग से फूलों व झालरों से सजाया गया था। कई स्थानों पर पूरी रात भजन-कीर्तन का दौर चला।



शिव मंदिर में पूजन करते भक्त। अमृत विचार

## रंजिश में महिला से मारपीट तीन महिलाओं पर मुकदमा

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलियापुर मजरा सिराइचमऊ में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला से गाली-गलौज और मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतल देवी पत्नी पुरुषोत्तम निवासी ग्राम अलियापुर मजरा सिराइचमऊ ने कोतवाली में दी गई शिकायत में बताया कि गांव की ही बबली पत्नी सूरज, अंजली पत्नी अंकुल व प्रान्शी देवी पुत्री सूरज ने 8 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे पुरानी रंजिश के चलते उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उन्हें अंदरूनी चोटें आईं।

पीड़िता के अनुसार वह उपचार कराने में व्यस्त होने के कारण तत्काल शिकायत नहीं कर सकीं और 14 फरवरी को थाने पहुंचकर तहरीर दी। मामले में प्रभारी निरीक्षक के आदेश पर धारा 115(2), 352 व 351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पेट के साथ कलेजा चीर गया था चाकू

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार Follow UP

● हमलावरों ने उपायुक्त के दिव्यांग भाई की गर्दन पर भी किया था वार

**अमृत विचार।** घर के आंगन में लेटे हुए उपायुक्त के दिव्यांग भाई के ऊपर टूट पड़ने वाले हमलावरों ने पहले उसकी गर्दन को निशाना बनाया था, लेकिन उससे चूक जाने के बाद उनके हाथों पेट पर ऐसा ज़ोरदार वार हुआ कि पेट में घोंपा गया चाकू कलेजा तक चीरते हुए निकल गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस तरह का खुलासा हुआ है।

बताते चलें कि पाली थाने के मुड़रामऊ निवासी दिव्यांग विजय प्रकाश शनिवार की सुबह अपने घर के आंगन में लहूलुहान पड़ा हुआ देखा गया था, उसकी बूढ़ी मां गोमती के चिल्लाने का शोर सुन कर आस-पड़ोसी पहुंचे और लहूलुहान पड़े विजय को उठाकर एम्बुलेंस-108 से पीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया, वहां उसकी मौत हो गई। विजय प्रकाश का बड़ा भाई रामेंद्र कुमार उपायुक्त उद्योग हैं और मथुरा में तैनात है। इस तरह की वारदात का पता होते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम वहां पहुंची और छानबीन करते हुए जांच करने में जुट गई। शनिवार की शाम को कड़े बंदोबस्त के बीच दिव्यांग विजय प्रकाश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट में आया है कि उसकी गर्दन पर भी चाकू का हल्का चीरा लगा हुआ था, जिससे ऐसा पता चल रहा है कि पहले उसकी गर्दन को निशाना बनाया गया था, लेकिन उसमें चूकने के बाद पेट को अगला निशाना बनाते हुए उसे तकरीबन 8 से 9 सेंटीमीटर दूर तक चीर दिया गया, उसके साथ ही तेज़ धार का चाकू उसका कलेजा चीरते हुए निकल गया, जिससे उसकी मौत हुई। फिलहाल पुलिस ने मिं गोमती की तहरीर पर महावीर व समरपाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1)/333 के तहत रिपोर्ट दर्ज की। एसआई धनश्याम बिंद पूरे मामले की गहराई से जांच कर रहें है।

### पहले पति का साथ छूटा, अब बिछड़ गया बेटा

साल 2023 में पति रामदयाल से बिछुड़ी गोमती अपने छोटे बेटे विजय प्रकाश के साथ गांव में रह रही थी, जबकि बड़े बेटे उपायुक्त रामेंद्र कुमार ने उससे कई अपने साथ रहने के लिए कहा था, लेकिन गोमती अपना गांव नहीं छोड़ना चाहती थी, वह कहती थी कि विजय उसकी सही से देखभाल कर लेगा, लेकिन क्या पता था कि पति के बिछड़ने के बाद उसका छोटा बेटा भी इतनी जल्दी बिछड़ जाएगा। सामने पड़े बेटे का शव देख रही गोमती की आंखों से रह-रह कर आंसू टपक रहे थे।

## कोठरी में लटक कर हुई युवती की मौत

संवाददाता, हरदोई, अतरौली

● प्रधान के करीबी पर संदेह, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** मां और भाई-बहनों के खेत पर जाने के बाद घर में अकेले रुकी एक 18 साल की युवती का शव कोठरी के अंदर उसके दुपट्टे से लटका देखा गया। घर वालों के न चाहते हुए भी वहां के प्रधान अंतिम संस्कार कराने की जल्दबाज़ी करने लगे, क्यों पूरे मामले में उनके करीबी पर उंगली उठाई जा रही थी, लेकिन उसी बीच पुलिस पहुंच गई और सारी पैंतरेबाज़ी धरी रह गई।

दरअसल पूरा मामला अतरौली थाने के महगवां गांव का है। खेती-बाड़ी करने वाले होरीलाल ने बताया कि रविवार की दोपहर उसकी पत्नी और बच्चे खेत पर गए हुए थे, 18 वर्षीय पुत्री रामश्री घर में अकेली थी। दोपहर में देखा गया कि रामश्री का शव कोठरी के अंदर उसके दुपट्टे से धन्नी में लटका हुआ है।

इस बात का पता होने पर उसके घर में चीख-पुकार होने लगी, आस-पड़ोस के लोग पहुंच गए। इस पूरे मामले में प्रधान के एक करीबी का नाम खींचा जा रहा था, उसी के चलते प्रधान शव का अंतिम संस्कार कराने की जल्दबाज़ी करने लगे, जबकि होरीलाल या उसके किसी घर वाले की ऐसी कोई मर्ज़ी नहीं थी, बात कुछ आगे बढ़ती, लेकिन उसी बीच पुलिस पहुंच गई और उसने शव को कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी। हर कोई एक ही बात पर बहस कर रहा है कि आखिर शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए इतनी जल्दबाज़ी क्यों की जा रही थी ? पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम होगा, उसके बाद जो रिपोर्ट आएगी, उसी के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### थ्रेशर मशीन में फंसकर युवक का हाथ कटा

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रूरी सादिकपुर निवासी रजनीश पुत्र रामकुमार थ्रेसर मशीन से पुआल की मड़ाई कर रहा था। तभी अचानक उसका हाथ मशीन में फंसकर कट गया। इससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों व ग्रामीणों ने उसको सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर देख कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

## युवक ने फंदे से लटककर दी जान, पिता का बहु पर आरोप

गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव आशायस निवासी युवक ने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। पिता ने बहु व उसकी बहन पर बेटे को मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

आशायस गांव निवासी भग्गालाल पुत्र श्रीकिशन ने बेहटा मुजावर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि माखी थानाक्षेत्र के पूरा गांव निवासी बहू शिल्पी व बेटे पुष्पेंद्र के दांपत्य संबंध ठीक नहीं थे। इसके चलते करीब 2 वर्षों से मुकदमा भी चल रहा है। आरोप लगाया कि रविवार सुबह बहू ने अपनी बहन खुशी के साथ उसके बेटे को फोन पर अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी थी। इससे आहत पुष्पेंद्र ने दोपहर एक बजे अपने कमरे की छत पर लगे पंखे में साड़ी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पिता ने पुलिस से बहू व उसकी बहन पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि पिता के आरोपों की जांच की जा रही है।




फोरलेन पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

### शोभायात्रा के चलते शुक्लागंज में जाम से जूझे लोग

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** रविवार को नगर में निकली शिव शोभायात्रा के दौरान शुक्लागंज में विभिन्न मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। यात्रा समाप्त होने पर भी फोरलेन, पोनी रोड, बालूघाट मोड़ व नवीन पुल पर जाम लगा रहा। गोपीनाथपुरम से यात्रा शुरू होकर जैसे ही फोरलेन पहुंची प्रशासन ने एक लेन से यात्रा निकालते हुए दूसरी लेन पर यातायात डायवर्ट किया। इससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। जाम के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को गलियों से होकर गुजरना पड़ा। जिससे कई जगहों पर स्थिति और भी विकट हो गई। इस दौरान दोपहर ढाई से शाम साढ़े 4 बजे तक जाम लगा रहा। वहीं पोनी रोड पर भी संकरे रास्ते के चलते दोपहर 1 से 3 बजे तक दो घंटे जाम लगने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। यात्रा समाप्त होने के बाद जाम हट सका।

### सांस की नली में गुब्बारा फंसने से बच्ची की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** आंगन में खेल रही दुधमुंही बच्ची ने वहां फूटा पड़ा गुब्बारा मुंह में रख लिया, जो उसकी सांस की नली में फंस गया, हालत बिगड़ने पर उसे निजी हास्पिटल ले जाया गया, वहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सुरसा थाने के बरहा मजरा खजुरहरा निवासी नीरज पेशे से दूधिया है। उसकी दो साल की बेटी प्रश्वी रविवार की दोपहर घर के आंगन में गुब्बारा खेल रही थी, लेकिन अचानक वह फट गया, वही फटा हुआ गुब्बारा उसने मुंह में डाल लिया, जो सांस नली में फंस गया। हालत बिगड़ती देख घर वाले उसे निजी हास्पिटल ले आए, वहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। नीरज की 6 बेटियों में प्रश्वी सबसे छोटी थी। आपसी रज़ामंदी के चलते घर वाले उसका शव गांव उठा ले गए।

## ससुराल जा रहे अधेड़ की रास्ते में बिगड़ी तबियत, मौत

संवाददाता, हरदोई,

● रास्ते में मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खाने के बाद हालत हुई खराब

**अमृत विचार।** पत्नी के साथ ससुराल में साले के बेटे के दिवाई संस्कार में जा रहे अधेड़ की रास्ते में तबियत खराब हो गई। इस पर उसने वहीं पर मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खा ली। दवा खाते ही उसकी हालत और बिगड़ गई, आनन-फानन मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

साण्डी थाने के ककेड़ी निवासी अशोक कुमार सिंह (55) पेशेवर किसान था, उसकी ससुराल सीतापुर ज़िले के गुराईपुर थाना महोली में थी। जैसा कि बताते है कि रविवार की शाम को उसके साले महिपाल के बेटे निखिल का दिवाई संस्कार था, अशोक उसी में शामिल होने के लिए रविवार की सुबह पत्नी पूनम के साथ घर से निकला था। अशोक के बेटे अंकित ने बताया कि उसके पिता अशोक मां पूनम के साथ कार से गुराईपुर जा रहे थे। कार खुद उसके पिता चला रहे थे।

शहर में नुमाइश चौराहे के पास पहुंचते ही तबीयत बिगड़ने पर अशोक ने वहीं पास के एक मेडिकल स्टोर से दवा खरीद कर खा ली, उसके बाद तबीयत और बिगड़ गई। अशोक के बुलाने पर उसका दोस्त पहुंचा और उसे ई-रिक्शे से मेडिकल कालेज ले गया, जहां पहुंचते ही अशोक की मौत हो गई। आपसी रज़ामंदी पर घर वाले उसका शव लिए गए। अशोक के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे अंकित, अभिषेक व दो बेटियां राधा और संध्या है। इस बारे में पुलिस का कहना है कि अगर तहरीर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध हालत में पड़ा मिला युवक का शव

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** मंदिर जाने के लिए निकला युवक गांव में अचेत पड़ा मिला। परिजन उसे सीएचसी लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के ओसिया गांव के मजरा जखेता निवासी सुघर राजपूत (45) पुत्र स्व. माना शनिवार शाम करीब 5 बजे अपने बड़े भाई प्रकाश के घर से मंदिर जाने के लिए निकला था। रात करीब 12 बजे परिजनों को ग्रामीणों से जानकारी मिली कि वह गांव निवासी नेकराम के घर के सामने सड़क पर अचेत पड़ा है। परिजन उसे सीएचसी सफीपुर लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भतीजे गौरव ने बताया कि सुघर परिवार सहित चंडीगढ़ में रहकर माली का काम करता था। वह 12 फरवरी को चंडीगढ़ से अकेले अपनी ससुराल वजीरगंज आया था। जहां से बीती शनिवार शाम अपने घर आया। जहां से मंदिर जाने के लिए निकला था। इसकी मौत की खबर से पत्नी शिवकली, बेटे रंजीत, रोहित व बेटी लक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने जांच की जिसमें कोई जाहिरा चोट नहीं मिली। रविवार को हुए पोस्टमार्टम में उसकी पसलियां टूटी मिली। पैर में एक चोट मिली है। इससे सड़क हादसे में उसकी मौत होने का अंदेशा जताया गया है। वहीं एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मेमो पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बहन की शादी में शामिल होने आए भाई की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** राजस्थान में सिलाई करने वाला युवक बहन की शादी में शामिल होने आया हुआ था, रविवार की शाम वह दोस्त के साथ एक दावत में जा रहा था, उसी बीच रास्ते में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई और उसके ज़ख्मी हुए दोस्त को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है। साण्डी थाने के रसूलपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अवनीश पुत्र बलवंत राजस्थान में सिलाई करता था। 7 फरवरी को उसकी बहन की शादी थी, वह 24 जनवरी को गांव आया था। रविवार की शाम को अवनीश के दोस्त के घर दावत थी, वह कढ़िलेपुरवा निवासी अपने 20 वर्षीय दोस्त अजय पुत्र पुत्तूलाल के साथ बाइक से अरवल थाने के मखाईपुरवा जा रहा था, उसी बीच रास्ते में हरपालपुर-कुसुमखोर रोड पर बरगदापुर के पास ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अवनीश व अजय दोनों ज़ख्मी हो गए। सीएचसी हरपालपुर में अवनीश की मौत हो गई, जबकि अजय को मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया है।


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद–विवाद व लेन–देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD ANWAR से बदलकर MOHAMMAD ANWAR IDRISI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAMAL AHMAD ADD-14/549, BARAF KHANA, MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001(U.P.)

**सूचना**
मेरे पुत्र MOHAMMAD AKRAM के पासपोर्ट मे मेरा नाम त्रुटि वश SHAHIN JAHAN लिख गया जबकि मेरा सही नाम SARIN JAHAN है। भविष्य मे मुझे SARIN JAHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHAMMAD ANWAR IDRISI ADD-14/549, BARAF KHANA, NAI BASTI MURAD ALI LANE, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD IRFAN KHAN से बदलकर MOHD IRFAN KHAN रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD IRFAN KHAN S/0-SAGEER AHMAD ADD-VILL-GAURA BUJURG GAURA CHAUKI PS-KHODAREDIST-GONDA-271312 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम ZUBER ALI से बदलकर ZUBAIR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-WAHID ALI ADD-FLAT NO-1 1ST FLOOR HN NO-41/565, NAWAB ASGAR ALI, HUSAIN ROAD NARHI, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2207737 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1715961 अंकपत्र सह सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **नीतू यादव पुत्री राजकरन निवासी– ग्राम सिहौली, पोस्ट न प कोइरीपुर जिला सुल्तानपुर यू0पी0**

**सूचना**
मैं **तवरेज आलम पुत्र वाहिद अली, निवासी ग्राम– जगदीपुर पो0 मिश्रपुर थाना– कोतवाली देहात तह0 लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर** मेरा एम0एस0सी0 –एग्रोनामी वर्ष 2018–2019 अन्तिम वर्ष जिसका रोल नम्बर 172020718305 का मूल अंक–पत्र दिनांक 19/10/2025 वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र फहीम की आदतें ठीक नहीं हैं। वह आये दिन लोगों से विवाद करता रहता है। मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में इनके द्वारा किसी भी प्रकार के वाद–विवाद व लेन–देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इरशाद अली पुत्र नौशाद अली, गुल्लावीर कालोनी, मीरपुर कस्बा, बहराइच मो.नं. 9792697932**

**सूचना**
मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज है वहीं मेरे पासपोर्ट संख्या P4372306 में मेरा नाम त्रुटिवश कल्पेश राजेंद्रभाई पटेल दर्ज हो गया है जोकि गलत है। अत: मेरा नाम कल्पेश पटेल दर्ज किया जाए। **कल्पेश पटेल पुत्र राजेंद्र भाई पटेल निवासी मकान संख्या 15 इलाहाबाद बैंक रोड रेलवेगंज जिला हरदोई।**

न्यूज ब्रीफ

### नि:शुल्क शिविर में नेत्र रोगियों की हुई जांच

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे व ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान सुभाष चंद्र गुप्ता ने रविवार को नि: शुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। सीतापुर नेत्र चिकित्सालय की तरफ से आयोजित हुए शिविर में 123 मरीजों के नेत्र का परीक्षण हुआ, जिनमें 45 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित हुए। ग्राम प्रधान रूबी गुप्ता, भाजपा नेता आलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### युवक घर से लापता गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खलील निवासी युवक के लापता होने के मामले में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। मोहल्ला खलील निवासी नन्हे के अनुसार उसका 30 वर्षीय भाई महेश मजदूरी करता है। 11 फरवरी की शाम घर से बिना बताये कहीं चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### कारखाने के बाहर खड़ी ट्राली चोरी

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** चोरो ने कारखाने में खड़ी ट्राली चोरी कर ले गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र की कुरसठ चौकी के अंतर्गत ग्राम तकिया भभूति निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह घर के पास बिल्डिंग की दुकान है। 13 फरवरी को सुबह कारखाने जाने पर ट्राली नहीं खड़ी मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रद्धा, भाव, भक्ति व हर्षोल्लास से मना महाशिवरात्रि महोत्सव

## भोर पहर से ही शिवालयों में गूंजने लगा हर-हर महादेव का उद्घोष

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले भर में रविवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। नगर के रामजानकी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। हर-हर भोले के जयघोष से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में 'महर्षि विश्व शांति आंदोलन' के तत्वावधान मे राष्ट्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर 'महाशिवरात्रि महोत्सव' पूर्ण श्रद्धा, भाव, भक्ति एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक परम्परा के अनुसार गुरु पूजन के साथ हुआ। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चक्रेश त्रिपाठी ने समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं व कर्मचारियों के साथ भगवान देवाधिदेव महादेव जी की विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण मे भगवान शिव शंकर जी का पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रुद्राभिषेक संपन्न हुआ।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कस्बे के प्राचीन बाबा मनसा नाथ मंदिर में रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और मंदिर परिसर हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर के आसपास मेले जैसा दृश्य रहा। प्रसाद, फूल-माला और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर रौनक बनी रही। देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया। मल्लावां संवाददाता के अनुसार सुनासीर नाथ मन्दिर में महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों भक्तों ने पहुंच कर विधि -विधान से पूजन अर्चन किया। सुबह से भक्त दर्शन करने को पहुंचने शुरू हो गए थे। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, दूध, फल बेर बाबा को अर्पित कर कर पूजन अर्चन किया। मेला भी लगा जहां लोगों ने जमकर खरीददारी। बच्चों ने झूला झूलकर मेले का लुफ्त उठाया। सुरक्षा व्यवस्था की कमान कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने स्वयं संभाली। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गईं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। ऐसे में यातायात प्रभावित रहा जिससे जाम की समस्या से लोगों परेशान रहे, जाम से बचाव को लेकर मल्लावां चौराहा पर ही बड़ी संख्या में पुलिस के जवान लगाए गए। जाम से बचाव को लेकर बड़े वाहनों को रोक दिया गया था। मेला सकुशल संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत भरी सांस ली। कस्बे के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के सेवा केंद्र पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित सेवा केंद्र की संचालिका बीके प्रियंका ने मुख्य अतिथि समाजसेवी विशाल जायसवाल का तिलक और पटुका पहनाकर स्वागत किया। उसके पश्चात शिव ध्वज लहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शिव बाबा की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बीके रामदुलारे, बीके राधा, बीके दिव्या मौजूद रहे। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक राजनी ने रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के चलते दोपहर एक बजे नर्मदा स्थल स्थित टेढ़ेश्वर नाथ महाराज के दरबार में पहुंचकर मत्था टेका, पूजन अर्चन किया और आशीर्वाद लिया। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने भी महाराज जी के दरबार में पहुंचकर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, अंकित मिश्रा, आकाश पांडे, अंकित गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अतरौली में महाशिवरात्रि पर मंदिरो में सुबह से ही भक्तो का ताँता लगा रहा। अतरौली के जंगली शिव महादेव मन्दिर में सुबह 5 बजे से ही लाइन लगने लगी। भुइयेश्वर महादेव मन्दिर गोड़वा में मन्दिर कमेटी के संरक्षक अनिल सिंह व अध्यक्ष प्रताप वर्मा बब्लू द्वारा भोले बाबा की विशेष पूजा अर्चना की। मंदिरो में सुबह से भक्तो नें जलाभिषेक, दुग्धभिषेक, बेलपत्र से पूजन अर्चन के लिए लोग आने लगे।


मल्लावां सुनासीर नाथ मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लाइनें।


मल्लावां में भगवान भोले की आरती उतारते विशाल जायसवाल।


बिलग्राम का मंशा नाथ मंदिर।


महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में रुद्राभिषेक कराते आचार्य। अमृत विचार


नर्मदा स्थित टेढ़ेश्वरनाथ महाराज के दरबार में पूजन करतीं मंत्री रजनी तिवारी।


अतरौली स्थित भुइयेश्वर महादेव मन्दिर में पूजन अर्चन करते कमेटी के सदस्य।

# होली पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सौगात

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** होली के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने देशभर में कई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। हालांकि जिले के हिस्से में इस बार केवल एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आई है। इसके बावजूद यात्रियों को दिल्ली और गोरखपुर के बीच सफर करने के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार गोरखपुर से नई दिल्ली के बीच 04021 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन सप्ताह में शनिवार को किया जाएगा। यह ट्रेन 21 फरवरी, 28 फरवरी और 7 मार्च को चलेगी। हरदोई रेलवे स्टेशन पर यह ट्रेन दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर पहुंचेगी। रास्ते में इसे शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ और गाजियाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को भी लाभ मिलेगा।



### बड़ी संख्या में लोग लौटते हैं घरों की ओर

**हरदोई, अमृत विचार।** इसी क्रम में वापसी दिशा में 04022 नई दिल्ली-गोरखपुर फेस्टिवल स्पेशल सप्ताह में प्रत्येक शुक्रवार को संचालित होगी। यह ट्रेन 20 फरवरी, 27 फरवरी और छह मार्च को चलेगी। हरदोई स्टेशन पर इसका आगमन रात नौ बजकर 17 मिनट पर निर्धारित किया गया है ।होली के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने घरों की ओर रुख करते हैं, जिससे नियमित ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची की समस्या सामने आती है। ऐसे में यह विशेष ट्रेन यात्रियों के लिए राहत साबित हो सकती है। हालांकि स्थानीय लोगों की अपेक्षा थी कि हरदोई को अधिक स्पेशल ट्रेनों का लाभ मिले, फिर भी एक अतिरिक्त सेवा से यात्रियों को कुछ हद तक सुविधा अवश्य मिलेगी। यात्रियों ने मांग किया कि हरदोई रेलवे स्टेशन पर और भी प्रमुख फेस्टिवल स्पेशल के साथ नियमित ट्रेनों का खराब किया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा जनजातियों को लाभ मिल सके नियंत्रण कहा कि हरदोई में यात्री सुविधा के दावे केवल कागजों तक ही सीमित है।

### पेयजल की आपूर्ति शुरू, ग्रामीण खुश

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** गौरा डांडा गांव में करोड़ों की लागत बनकर तैयार हो गई पेयजल टंकी बेमतलब साबित हो रही थी। शनिवार को एसडीएम सदर सुशील मिश्र मेडिकल कालेज के निकट सरकारी जमीन की हकीकत परखने पहुंचे थे। कुछ दूरी पर स्थित पेयजल टंकी पर पहुंचकर वहां बारीकी से सभी बिंदुओं को परखा और खराब मिले पानी मोटर पर नाराजगी जताते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम को हिदायत देते हुए तत्काल मरम्मत करवाए जाने और पेयजल आपूर्ति बहाल करने को कहा। रविवार सुबह पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू होते ही खुश हुए ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को धन्यवाद कहा।

# पिहानी की डॉ. आमिना ने यूपीएससी सेंट्रल हेल्थ सर्विसेज़ में सफलता पाई

संवाददाता, पिहानी, हरदोई,

**अमृत विचार।** स्व. सैयद अली नवाब ज़ैदी की पुत्री एवं फाटक, पिहानी, निवासी डॉ. आमिना सुल्तान ज़ैदी उर्फ जोना का चयन प्रतिष्ठित यूपीएससी केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा हेल्थ एंड फ़ैमिली वेलफ़ेयर मंत्रालय, भारत सरकार में हुआ है। उनके चयन से पिहानी ही नहीं ,पूरे जनपद में हर्ष की लहर है। सेंट जेम्स स्कूल के फादर लैंसी रेगो, शिक्षक जो जो पैकड़ा और संजय शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए आमिना को शुभ कामनाएं दी हैं। जोना ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज,एएमयू अलीगढ़ से एमबीबीएस और एमडी करने के बाद, डॉ. आमिना ने मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली, हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, नई दिल्ली और डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़, लखनऊ सहित कई जाने-माने इंस्टिट्यूट में काम किया। उनके पास नेशनल बोर्ड ऑफ़ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज़ द्वारा दी गई डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड (डीएनबी) क्वालिफ़िकेशन भी है। वह यूपीएससी सिलेक्शन प्रोसेस द्वारा चुने गए केवल चार जनरल उम्मीदवारों में से एक हैं और इस प्रक्रिया में उन्होंने कई विख्यात इंस्टिट्यूट के अभ्यर्थियों को पीछे छोड़ दिया।


डॉ. आमिना सुल्तान ज़ैदी।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के संविलियन विद्यालय पसनेर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष रीता कौशिक एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव काव्या सिंह के मार्गदर्शन में तथा तहसील विधिक सेवा समिति बिलग्राम के सचिव/तहसीलदार यशवंत सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने की।

# सभासद व उसकी पत्नी सहित चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- सेवानिवृत्त सफाई लिपिक ने मारपीट करने की लिखाई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने बुध बाजार के सभासद उसकी पत्नी और दो बेटों पर नगर पालिका के पूर्व सेवानिवृत्त सफाई सफाई लिपिक की तहरीर पर केस दर्ज किया है। भूमि विवाद के एक मामले में नायब तहसीलदार के न्यायालय के बाहर गली में मारपीट करने का आरोप लगाया गया।



नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त सफाई लिपिक इक्तेदार खां पुत्र मुस्तफा खां निवासी मोहल्ला मौखेल के अनुसार 13 फरवरी को नायब तहसीलदार के न्यायालय में भूमि विवाद के एक मामले में पैरवी करने गया था। जिसमें विपक्षी पक्षकार कौसर जहां एवं अजहर मसूद पुत्र मसूद खान बुध बाजार ने साजिश के बाद आकिब, आरिश पुत्रगण अजहर मसूद ने 3:45 पर अपने अज्ञात तीन साथियों के साथ नायब तहसीलदार के न्यायालय के अंदर से बाहर तक लात घूसों से बुरी तरह से मारा पीटा । इक्तेदार ने बताया पीटते समय दबंग लोग यह कह रहे थे कि अगर कोर्ट में न होते तो आज जान से मार देते। घटना तहसील के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी सभासद, उसकी पत्नी और दोनों पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# भक्त प्रहलाद की निकाली गई भव्य बारात

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति के तत्वावधान में भक्त प्रहलाद जी की प्रथम भव्य शोभा यात्रा दिव्यता, आस्था और सांस्कृतिक गरिमा के अनुपम समन्वय के साथ संपन्न हुई। आवास विकास कॉलोनी स्थित सामुदायिक पार्क से वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और श्रद्धा के पवित्र अनुष्ठानों के मध्य प्रारंभ हुई इस शोभा यात्रा का शुभारंभ काशी विश्वनाथ से डमरू बाबा तथा समिति के सचिव शत्रुघ्न द्विवेदी ने किया। आयोजक प्रहलाद नगरी अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सतयुग के पश्चात कलयुग में इस प्रकार की शोभा यात्रा का यह प्रथम आयोजन है। उन्होंने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि यह पावन परंपरा अब प्रतिवर्ष निरंतर इसी श्रद्धा, भव्यता और आध्यात्मिक गरिमा के साथ आयोजित की जाती रहेगी। शोभायात्रा पूरे नगर में धूमधाम से निकाली गई। उत्साह के साथ लोगों ने रंग गुलाल उड़ाकर स्वागत किया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमkवती, डॉ. चित्रा, कुमुदनी देवी तिवारी, समिति की कोषाध्यक्ष समता शर्मा (एडवोकेट), सुमित द्विवेदी, डॉ. केके तिवारी सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।


बारात में शामिल झांकी।


बारात में शामिल लोग।

# पुलिस चौकी के पास से अगवा बच्ची ढाई घंटे बाद आई सामने

- बारात देखने गई थी गेस्ट हाउस, कार सवारों ने रास्ते से उठाया, पुलिस पर आरोपियों को बचाने का प्रयास करने का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** एक बच्ची एक गेस्ट हाउस बारात देखने जा रही थी,उसी बीच कार सवारों ने उसे पुलिस चौकी के पास से उठा लिया। पुलिस के एक्शन में आते ही कार सवार उसे पेट्रोल पंप के पास अकेला छोड़ कर भाग गए। पुलिस पर आरोप है कि आरोपियों की तरफदारी करते हुए बच्ची को अपने साथ और उसके घर वालों को दूर रखा।

घटना बावन कस्बे की है,वहां की रहने वाली एक नाबालिग बच्ची शनिवार की रात पड़ोस के एक गेस्ट हाउस में बारात देखने जा रही थी,वह पुलिस चौकी के पास ही पहुंची थी कि कार सवारों ने उसे रास्ते से उठा लिया,इसका पता होते ही पुलिस एक्शन में आ गई,आस-पास घेराबंदी करते हुए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जाने लगे,उसी घबराहट में कार सवार उस बच्ची को पेट्रोल पंप के पास अकेला छोड़ कर भाग निकले। बच्ची के घर वालों का आरोप है कि उन्हे उससे दूर रखा गया,उसका चेहरा तक नहीं दिखाया गया,पुलिस आरोपियों की तरफदारी करते हुए खुद ही तहरीर लिखी और कुछ पूछे बगैर आगे-आगे कार्रवाई करने लगी। इसका पता होने पर पूरे बावन कस्बे में दहशत जैसा माहौल बताया जा रहा है।

### पुलिस ने कार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया

बच्ची को अगवा करने को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का मामला दर्ज करने वाली लोनार पुलिस ने एक आरोपी को कार के साथ गिरफ्तार कर लिया। लोनार पुलिस ने कोतवाली शहर बाबा मंदिर चौहान थोक निवासी रितेश पाल पुत्र नरेन्द्र पाल को गिरफ्तार कर कार बरामद की है।


पकड़ा गया आरोपी।

प्रतियोगिता | क्रिकेट का रोमांचित करने वाला मुकाबला

# जयपुरिया रेड की एक विकेट से जीत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जयपुरिया स्कूल में शनिवार को जयपुरिया कप अंडर-14 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच जयपुरिया रेड और जयपुरिया ग्रीन के बीच खेला गया। मैच में टॉस जयपुरिया रेड ने जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। बल्लेबाज़ी करते हुए जयपुरिया ग्रीन की बल्लेबाज़ी की हालत एक समय बहुत ही खराब थी ऑल टीम 45 रन के स्कोर पर 8 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी लेकिन कोमल और कुशाग्र की पार्टनरशिप ने टीम को 87 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा और टीम ने निर्धारित 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 87 रनों का लक्ष्य खड़ा किया ।


खिलाड़ी को ट्राफी देते अतिथि।

जयपुरिया ग्रीन की तरफ से बल्लेबाज़ी करते हुए कुशाग्र सैनी ने 21 रनों का योगदान किया। जयपुरिया रेड की तरफ से गेंदबाज़ी करते हुए मानवेंद्र 5 विकेट, मानस मिश्रा 3 विकेट, आलोक ने एक विकेट लिया व खिलाड़ी रन आउट हुआ। मानवेंद्र प्रताप सिंह ने गेंदबाज़ी करते हुए 4 ओवर में 3 रन देकर 5 विकेट लिए मानवेंद्र प्रताप सिंह को एडवोकेट राधा कृष्ण गुप्ता ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का अगला मैच दिन रविवार को जयपुरिया ग्रीन तथा जयपुरिया ब्लू के बीच खेला जाएगा । इस मैच की विजेता टीम का सामना फाइनल में पहुंच चुकी जयपुरिया रेड से सोमवार को होगा। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व अरुणेश वर्मा और स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की ।

### मजदूरी मांगने पर मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां निवासी युवक ने ऐगवां निवासी दो लोगों पर मजदूरी के पैसे मांगने पर गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित कुलदीप के अनुसार वह मजदूरी करता है। इमरान निवासी ऐगवां और सलमान निवासी लोनी के साथ वह पुताई का कार्य करने शाहजहांपुर गया था, जिसमें 36 दिन की मजदूरी 600 रुपये रोज के हिसाब से 21600 रुपये आरोपियों पर बाकी थे जिसमें से उन्होंने 7, 600 दे दिए। शेष 14000 रुपये देने में आरोपी आना कानी कर रहे थे। 14 फरवरी को आरोपी उसे आंझी स्टेशन पर मिले। मजदूरी के पैसे मांगने पर आरोपियों ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

# बच्चों ने नवोदय विद्यालय का किया भ्रमण

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय चंदेली एवं देहलिया के छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय इटारा का शैक्षिक दौरा किया। इस दौरान बच्चों ने नवोदय विद्यालय के अनुशासित एवं आवासीय शैक्षिक वातावरण को नजदीक से देखा और समझा कि किस प्रकार विद्यार्थी घर से दूर रहकर भी पारिवारिक माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करते हैं।

- अनुशासित एवं आवासीय शैक्षिक वातावरण का उठाया आनंद

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की विशाल लाइब्रेरी, आधुनिक कक्षाएं, छात्रावास (शयन कक्ष), खेल स्टेडियम, रसोईघर एवं भोजनालय का अवलोकन किया। विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखकर बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यालय के प्रिंसिपल निर्भय ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है। विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी और परिश्रम के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने बच्चों के साथ भोजन कर आत्मीयता का परिचय दिया तथा उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया।

### भरावन में वीरांगना उद्धा देवी पासी संगठन कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को विकास खंड भरावन के नारिया खेड़ा में वीरांगना उद्धा देवी पासी संगठन के ब्लॉक कार्यालय का उद्घाटन किया गया। संडीला विधानसभा से समाजवादी पार्टी के नेता डॉ .अश्वनी सिंह व वीरांगना उद्धा देवी पासी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ . आर के आदर्श नें फीता काटकर उद्घाटन किया। सपा नेता डॉ .अश्वनी सिंह नें बताया क्षेत्र की समस्याओ को लेकर संगठन का जमीनी स्तर पर मजबूत होना जरूरी। समाज सेवी विकास रावत नें बताया संगठन जा उद्देश्य शोषित वंचितों को न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहना दायित्व है। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खेत में पड़ा मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक अपने खेत पर काम करने गया था, काफी देर बाद वहीं पर उसका शव पड़ा देखा गया। पुलिस का कहना है कि फोरेंसिक टीम छानबीन कर रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। हरपालपुर थाने के गौटिया निवासी अनिल (38) खेती करता था। रविवार की सुबह वह खेत पर गया था। लोगों ने उसे काम करते भी देखा था, लेकिन दोपहर में खेत के पास से निकल रहे लोगों ने अनिल का शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्ज़े में लिया। अनिल ने शादी नहीं की थी, 6 भाइयों में दो बड़े और तीन उससे छोटे है, जिनमें दो की पहले ही मौत हो चुकी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चाइनीज मांझा बेचते युवक गिरफ्तार

सीतापुर। कमलापुर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 30 कुची मांझा व दो चरखी बरामद की गईं। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने कस्बा कमलापुर में चेकिंग के दौरान गवहिया निवासी जियाउद्दीन पुत्र अनीस अहमद को गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर

लहरपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोदहरा में पुरानी रंजिश को लेकर युवक को सरेराह पीटा गया। जानलेवा हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम कोदहरा निवासी रंजीत (35) पुत्र छत्रपाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि रविवार को वह पत्नी और बच्चों के साथ दवा लेने जा रहा था। रास्ते में विरोधियों ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। उपनिरीक्षक ऋषभ यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है।

### जिला मुख्यायुक्त रमेश वाजपेई सम्मानित

महमूदाबाद। जिले की स्काउटिंग एवं गाइडिंग गतिविधियों को प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की प्रादेशिक कार्य परिषद की बैठक में नवंबर में लखनऊ में आयोजित जंबूरी कैंप में विशेष सहयोग के लिए सीतापुर के जिला मुख्यायुक्त रमेश वाजपेई को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार ने उन्हें जंबूरी का प्रतीक चिन्ह 'शार्दू' भेंट किया। कार्यक्रम में प्रदेश के 75 जिलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में मना वार्षिकोत्सव

कमलापुर। विकास खंड कसमण्डा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम प्रधान (महोली) धर्मेंद्र सिंह और प्रधानाध्यापिका ममता शुक्ला ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सहायक अध्यापक अंजली सिंह, स्निग्धा तिवारी, प्रिया दीक्षित, अनुदेशक संदीप कुमार, अनीता वर्मा, टिल्लू मिश्र, विनोद कश्यप, गुड्डू, बेबी तिवारी और छोटे सिंह उपस्थित रहे।

### जीपीएफ भुगतान में अब नहीं होगी देरी

सीतापुर। सामान्य भविष्य निधि खाताधारकों को सुगमता से भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जीपीएफ अदालत का आयोजन किया गया। जिला पंचायत स्थित नेहरू हॉल में कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, प्रयागराज के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उप महालेखाकार विजय सिंह पवार ने की। प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन अदालत में जीपीएफ मिसिंग, रिफंड, अंतिम भुगतान, एनपीएस से जीपीएफ में स्थानांतरण समेत सभी लंबित प्रकरणों पर चर्चा हुई।

### छात्रों को दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरगांव। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर जिला विज्ञान क्लब की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गफ्फार खान व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशेषज्ञों ने प्लास्टिक व पॉलिथीन के दुष्प्रभाव बताते हुए उनके सीमित उपयोग, पुनर्चक्रण और उचित निस्तारण पर जोर दिया। पर्यावरणविद् ममता देवी ने दैनिक जीवन में छोटे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किशोरावस्था में संतुलित आहार और स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। विजयी छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

# महाशिवरात्रि: बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

## लखीमपुर-बहराइच की ओर से आने वाले बड़े वाहनों का हुआ रूट डायवर्जन

सीतापुर कार्यालय

अमृत विचार: महाशिवरात्रि पर जनपद के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के से ही जलाभिषेक के लिए कतारें लगी रहीं। शहर से लेकर गांवों तक मंदिरों में सजावट, भजन-कीर्तन और जागरण के आयोजन हुए।

महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले भर के शिवालय हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु जल, दूध और बेलपत्र लेकर मंदिरों में पहुंचने लगे। प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के हमराह पीएसी बल तैनात रहा। महिलाओं और युवाओं में खास उत्साह दिखा। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक व रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी मेले जैसा दृश्य रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, जिले के शिवालयों में तड़के सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के श्यामनाथ मंदिर, जंगलीनाथ मंदिर तथा नैमिष स्थित देव देवेश्वर नाथ मंदिर में लंबी कतारें लगी रहीं। सुरक्षा के लिए ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की गई, जबकि सादी वर्दी में पुलिस तैनात रही। भीड़ को देखते हुए बहराइच और लखीमपुर मार्ग से आने वाले बड़े वाहनों का रूट



बिसवां कस्बे में निकलती शिव बारात। अमृत विचार


शहर के बाबा श्यामनाथ मंदिर में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़। अमृत विचार

### रात्रि में मनाया गया शिव-पार्वती विवाह

कमलापुर। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर कमलापुर क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यता है कि इसी पावन रात्रि में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। क्षेत्र के नागेश्वर नाथ धाम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। वहीं सिधौली की उप जिलाधिकारी राखी वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने भी मंदिर पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन किया। इसके अलावा कसमंडा स्थित रामेश्वर तीर्थ पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा और दूध अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### बिसवां कस्बे में निकली शाही पालकी

संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े ही उल्लास व भक्तमय के रूप में मनाया गया। कस्बे मे पत्थर शिवाला मंदिर, खम्बेश्वर मंदिर, दुर्गेश्वर नाथ मंदिर सहित भोलेनाथ के मंदिरों पर भक्तो की भारी भीड़ रही। भोर से ही भक्तो का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। वहीं कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थिति पत्थर शिवाला मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। मुख्य कार्यक्रम भगवान भोलेनाथ की शाही पालकी यात्रा रही, जो पत्थर शिवाला से प्रारम्भ हुई और नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करती हुई पत्थर शिवाला मंदिर पर समाप्त हुई।

### दधिचेश्वर नाथ की पालकी यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

मिश्रिख। महाशिवरात्रि पर नैमिषारण्य परिक्षेत्र स्थित महर्षि दधीचि तीर्थ में आस्था का जनसैलाब उमड़ा। दधिचेश्वर नाथ मंदिर से भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। फूलों से सजी पालकी ने पावन दधीचि कुंड की परिक्रमा की। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन को उमड़ी। मंदिर पहुंचने पर विधिवत श्रृंगार और महाआरती हुई। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। प्रधान पुजारी राहुल शर्मा के नेतृत्व में आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।


बाबा के श्रृंगार के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

### भोलिया बाबा मंदिर में विशेष श्रृंगार

संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार : नगर के बाबा जंगली नाथ मंदिर, कामेश्वर नाथ सूर्य कुंड मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर और भोलिया बाबा मंदिर समेत अन्य शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भोलिया बाबा मंदिर में विशेष श्रृंगार, रुद्राभिषेक व भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। नगर पालिका ने मार्गों पर सफाई व प्रकाश व्यवस्था कराई। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की।

### दूल्हा श्रृंगार और अखंड जाप, 11 दंपतियों ने शिव-पार्वती गठबंधन कराया

महमूदाबाद। महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के दर्जनों मंदिरों में ॐ नमः शिवाय' के अखंड जाप, रुद्राभिषेक और विशेष अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय हुआ। पहला क्षेत्र के बजेहरा स्थित प्राचीन अचलनाथ शिवाला में 51 श्रद्धालुओं ने सपत्निक सामूहिक रुद्राभिषेक किया। पं. राजाराम शास्त्री व कन्हैया मिश्र शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बेलपत्र, पंचामृत, गंगाजल, शहद, दही व गन्ने के रस से अभिषेक संपन्न हुआ। मां संकटा देवी धाम स्थित महाकालेश्वर महादेव मंदिर में भोर चार बजे भोलेनाथ का दूल्हा श्रृंगार और भस्म आरती हुई। 11 दंपत्तियों ने शिव-पार्वती गठबंधन कराया। नगर के रामेश्वरम मंदिर समेत विभिन्न शिवालयों में दिनभर जलाभिषेक, उपवास और भजन-कीर्तन चलते रहे।

# ओवर हाइट : 21 वाहनों का हुआ चालान

संवाददाता, लहरपुर।

- ओवरलोड व ओवर हाइट वाहनों पर प्रशासन ने चलाया अभियान
- 15 गन्ना लदे ट्रकों समेत लकड़ी व मिट्टी से भरे वाहन पकड़े, दस्तावेज न मिलने पर खड़े कराए वाहन

अमृत विचार : तहसील प्रशासन ने ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर 21 वाहनों पर कार्रवाई की। 15 गन्ना लदे ट्रकों समेत कई ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक डीसीएम को पकड़ा गया। संबंधित विभागों को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

ओवरलोड वाहनों के बढ़ते संचालन पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार देर रात उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम के नेत्रत्व में नायब तहसीलदार अशोक यादव व राजस्व टीम ने विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान लकड़ी से लदे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक डीसीएम चालक आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके, जिन्हें तहसील परिसर में खड़ा कराया गया। रविवार को तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने भी जांच अभियान जारी रखते हुए लकड़ी व पीली मिट्टी से लदी ट्रॉलियों पर कार्रवाई की। अवध शुगर मिल हरगांव जा रहे 15 ओवरलोड गन्ना ट्रकों का परिवहन विभाग ने चालान किया। अभियान की सूचना मिलते ही कई वाहन वैकल्पिक मार्गों से निकल गए।



गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक का किया गया चालान।

# तेज रफ्तार वाहन ने दो युवकों को रौंदा, मौत

संवाददाता, खैराबाद।

**रफ्तार की मार**

- खैराबाद इलाके में हुआ हादसा वाहन को तलाश रही पुलिस

अमृत विचार : खैराबाद थाना क्षेत्र भगवानपुर में देर रात सड़क पर खड़ी गन्ना ट्रॉली ठीक कर रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

खैराबाद क्षेत्र के बद्रीपुरवा निवासी सर्वेश और धरैचा निवासी चंदन सिंह गन्ना सेंटर जा रहे थे। रास्ते में ट्रॉली में लदे गन्ने को ठीक करने के लिए वे सड़क पर रुके थे। बताते हैं कि इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है। खैराबाद प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।

# सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रद्धालु

संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार : श्री अनाम ज्योति आश्रम वाटिका प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान से संपन्न हुई। इस अवसर पर वैदिक मंडल के आचार्यों ने श्री सतेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया। कथा प्रवाचक पंडित अखिलेश महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता भगवान कृष्ण और सुदामा से सीखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार द्वारिका पहुंचने पर सुदामा को द्वारपालों ने रोका, लेकिन नाम सुनते ही प्रभु स्वयं दौड़कर उन्हें गले लगा लिया। मुख्य यजमान डॉ. अतुल पांड्या व डॉ. दर्शना पांड्या सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


पंडित अखिलेश महाराज

# अग्निशमन विभाग की भूमि कराई गई खाली

संवाददाता, लहरपुर।

अमृत विचार : नगर क्षेत्र के मोहल्ला ठठेरी टोला में अग्निशमन विभाग की भूमि पर वर्षों से रह रहे 130 बंजारा परिवारों को प्रशासन ने ग्राम भवानीपुर में विस्थापित कर दिया। कब्जा मुक्त कराई गई जमीन पर रविवार को अग्निशमन विभाग ने विशेष सफाई अभियान चलाकर चारों ओर कंटीले तार लगवाकर कब्जा सुरक्षित कर लिया।

उधर, भवानीपुर में बसाए गए परिवारों के लिए टाउनशिप क्षेत्र के चारों तरफ पिलर गाड़कर कंटीले तार लगाने का कार्य किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात है। तहसील प्रशासन ने विस्थापित परिवारों को भोजन के पैकेट वितरित किए तथा बस्ती तक आने वाले मार्ग पर मिट्टी पटाई कराई। परिवार अपने-अपने आवंटित प्लॉटों पर अस्थायी डेरा बनाने में जुटे हैं।


कस्बे में खाली कराई गई अग्निशमन की भूमि।

- 130 बंजारा परिवार भवानीपुर में बसाए गए

### महिला दिवस पर रैली निकालेगा वान्या फाउंडेशन

संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार : वान्या फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में महिला हिंसा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्था की अध्यक्ष रेखा गुप्ता ने कहा कि ग्राम पंचायत में सामाजिक न्याय का आधार बराबरी है। इसके लिए लोगों को संगठित होकर एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। भेदभाव और आरोप-प्रत्यारोप से समाज में विभाजन बढ़ता है। सचिव रामलली पटेल ने आगामी आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव-गांव संपर्क अभियान चलाने का निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि बिसवां में महिला दिवस पर रैली निकाली जाएगी। कमरुन निशा ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर चिंता जताते हुए जागरूकता की आवश्यकता बताई। बैठक में शीला कठेरिया, हरिशंकर गुप्ता, वीना, प्रियंका कनौजिया सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देतीं छात्राएं। अमृत विचार

### आरजू पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह संपन्न

संवाददाता, हरगांव / सीतापुर। परसेंडी विकास खंड के शाहमहोली स्थित आरजू पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव और कक्षा आठ के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य, लघु नाटिका और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक रहीस अहमद ने वर्ष 2020 में स्कूल की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, बल्कि उन्हें संस्कारित और आत्मनिर्भर बनाना भी है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# कार में मिला लापता चालक का शव

संवाददाता महमूदाबाद (सीतापुर)

- महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र से कार सहित लापता हुआ था चालक
- शारदा सहायक नहर में कार में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार: चार दिन से छह दिन से कार सहित लापता चालक का शव शारदा सहायक नहर में संदिग्ध हालातों में मिला। पानी के भीतर मिली कार के अंदर से शव को निकाले जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है। मामला महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का है।


मो. अकील (फाइल फोटो)

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का नूरपुर निवासी मोहम्मद अकील (30) पुत्र अमीन कार चालक रहा है। बताते हैं कि दस फरवरी को अकील कार लेकर अपने घर की ओर निकला था। इसके बाद वो जब देर रात नहीं लौटा तो परिवारीजनों को चिंता हुई। तलाश के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। वाहन स्वामी राजेंद्र कुमार के मुताबिक, काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं लगा। देर शाम नहर किनारे कुछ लोग गुजर रहे थे। इसी दौरान किसी राहगीर की नजर कार के टायरों पर पड़ी। इसी के बाद बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस की मदद से क्रेन द्वारा कार को बाहर निकाला गया तो वाहन के भीतर अकील का शव फंसा हुआ था। हादसे और साजिश के बीच चर्चाएं की जाती रही। कोतवाली प्रभारी महमूदाबाद अनिल कुमार का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# हरगांव में मनरेगा बचाओ यात्रा की शुरुआत

संवाददाता, सीतापुर।

अमृत विचार : कांग्रेस की ओर से हरगांव विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा बचाओ यात्रा की शुरुआत की गई। कल्याणपुर गांव में आयोजित मनरेगा मजदूर सम्मेलन में सांसद राकेश राठौर ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सांसद राकेश राठौर ने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों के अधिकार और गांवों के विकास की कुंजी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस इसे बचाने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सीतापुर में सामाजिक और आर्थिक असंतुलन को दूर करने का माध्यम बनेगी। यात्रा कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विष्णु गौतम, सुनीला रावत, शिव प्रकाश सिंह व राधेश्याम कनौजिया के नेतृत्व में निकाली गई। कल्याणपुर से शुरू होकर यात्रा कई गांवों से होती हुई ढोलई कला पहुंची, जहां भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शिव प्रकाश सिंह के जन्मदिन समारोह को भी सांसद ने संबोधित कर बधाई दी।


मनरेगा बचाओं कार्यक्रम में उपस्थित सांसद राकेश राठौर, डॉ. बृजबिहारी व अन्य।

**सांसद ने दिखाई हरी झंडी**

# 84 कोसीय परिक्रमा में लापरवाही पर नपेंगे अफसर : डीएम

संवाददाता, मिश्रिख

अमृत विचार: आस्था के महापर्व 84 कोसीय परिक्रमा मेले की शुचिता और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह 'एक्शन मोड' में आ गया है। रविवार को जिलाधिकारी राजा गणपति आर. ने परिक्रमा पथ का निरीक्षण किया। डीएम के तेवर उस समय बेहद तल्ख दिखे जब उन्होंने पड़ाव स्थलों पर तैयारियों में सुस्ती देखी। उन्होंने दो टूक लहजे में चेतावनी दी कि परिक्रमार्थियों की सुविधा सर्वोपरि है, इसमें रत्ती भर भी लापरवाही अक्षम्य होगी और संबंधित विभाग के अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे।

जिलाधिकारी ने मिश्रिख एसडीएम और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारियों के साथ नैमिषारण्य और प्रथम पड़ाव कोरौना का दौरा किया। 17 फरवरी को अमावस्या के पावन पर्व पर नैमिष से शुरू होने वाली इस परिक्रमा को लेकर डीएम ने स्पष्ट किया कि आस्था के पथ पर कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मेला क्षेत्र के एक-एक कोने का बारीकी से निरीक्षण किया और खान-पान से लेकर पेयजल व्यवस्था पर सख्त निर्देश दिए।


परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### प्रमुख विभाग और डीएम के 'सख्त' फरमान

बिजली की निर्बाध आपूर्ति रहे। फाल्ट की स्थिति में बाहर से अतिरिक्त स्टाफ तैनात करें। मेला क्षेत्र और पड़ावों पर अस्थायी मिनी मेडिकल स्टोर और एम्बुलेंस की चौबीस घंटे तैनाती हो। साफ-सफाई में कोई कोताही न हो। परिक्रमार्थियों के ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करें। सुरक्षा चक्र ऐसा हो कि परिंदा भी पर न मार सके। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए।

### व्यवस्थाएं परखीं

18 फरवरी को श्रद्धालु प्रथम पड़ाव कोरौना पहुंचेंगे, जहां की व्यवस्थाओं को डीएम ने खुद परखा। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को इलाज के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए हर पड़ाव पर चिकित्सा किट और डॉक्टरों की टीम मौजूद रहे। वहीं, 19 फरवरी को कोरौना से हरैया रामादल प्रस्थान के मार्ग पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

### परंपरा और सम्मान का ध्यान

जिलाधिकारी ने मेला अध्यक्ष व पहला आश्रम के महंत नारायण दास और बनगढ़ आश्रम के महंत संतोष दास खाकी के साथ लंबी मंत्रणा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि साधु-संतों और परिक्रमार्थियों के मान-सम्मान और सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

# नौटंकी बंद कराने पर बिफरे विधायक, थाना घेरा

संवाददाता रामपुर मथुरा / सीतापुर

- नौटंकी को जबरन बंद कराने का ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष पर लगा आरोप

अमृत विचार : नौटंकी बंद कराने का विवाद इतना तूल पकड़ा कि भाजपा विधायक खुद थाना रामपुर मथुरा पहुंचकर धरने पर बैठ गए। बड़ी संख्या में जमा ग्रामीणों ने थाना भी घेर लिया। थानाध्यक्ष पर आरोप लगा कि बिना किसी कारण के गांव में हो रही नौटंकी को थानाध्यक्ष ने बलपूर्वक बंद कराया, गांव से कई लोगों का थाने लाकर उत्पीड़न भी किया। बढ़ता विवाद एएसपी और सीओ ने पहुंचकर शांत कराया।

भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी अपने समर्थकों के साथ सीतापुर जनपद के रामपुर मथुरा थाने पहुंचे। थानाध्यक्ष संजय पाण्डेय का सामना होते ही विधायक बिफर पड़े। इलाके के सुरजनपुर स्थित गांव में हो रही नौटंकी को बिना किसी मामले के बंद करवाने का कारण पूछा, एसओ ने कहा कि हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षाओं के कारण देर रात चल रही नौटंकी को बंद कराया है। नाराज विधायक ज्ञान तिवारी अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों द्वारा थाना घेरने और विधायक के धरने पर बैठने की सूचना पाकर एएसपी दुर्गेश सिंह और सीओ महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव पहुंचे। देर तक चली मान-मनौव्वल के बाद ही स्थितियां सामान्य हो सकीं।

# महाशिवरात्रि: हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

## गंगाजल, दूध, दही, शहद और बेलपत्र से हुआ बाबा का अभिषेक, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आस्था का सागर ऐसा उमड़ा कि समूचा क्षेत्र शिवमय हो उठा। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों की घंटियां बजने व बोल बम के जयकारे शिवालयों के आसपास गूंजने लगे। "हर-हर महादेव" के जयकारों से वातावरण भक्ति मय हो गया। श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें शिवालयों के बाहर आस्था का जयघोष कर रही थी। इस दौरान जलाभिषेक करने के लिए लाइन में लगे हर श्रद्धालुअ के चेहरे पर उत्साह, मन में श्रद्धा और मुख पर ऊं नमः शिवाय के स्वर निकल रहे थे। रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक रोशनी और भव्य तोरणद्वारों से सजे शिवालय दिव्यता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे।

रविवार को जगमोहनेश्वर मंदिर, पहलवान वीर बाबा, इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर, इंदिरा नगर चौकी के निकट के मंदिर, सर्वोदय नगर स्थित शिव मंदिर सहित नगर क्षेत्र के सभी शिवालयों में आस्था का ज्वार नजर आ रहा था। ग्रामीण क्षेत्र में कुचरिया के झल्लेश्वर बाबा मंदिर, मधुपुरी के बूढेश्वर बाबा, रहवां हरचंदपुर के अचलेश्वर मंदिर, बछरावां क्षेत्र के भंवरेश्वर मंदिर, लालगंज के बाल्हेश्वर मंदिर आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, शहद और बेलपत्र अर्पित कर भगवान भूतनाथ से सुख समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक जागरण का महापर्व है। जगमोहनेश्वर मंदिर में रूद्राभिषेक कर अध्यात्मिक चेतना जागृत करने का प्रयास किया गया। इस दिन उमड़ी श्रद्धा और भक्ति की धारा ने यह सिद्ध कर दिया कि भगवान शिव ही आदि और अनंत हैं, इसीलिए उन्हें देवों का देव "महादेव" के नाम से बुलाया जाता है। सचमुच, महाशिवरात्रि ने पूरे क्षेत्र को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के दिव्य प्रकाश से आलोकित कर दिया।

**महाशिवरात्रि पर निकाली गई भव्य शिव बारातः** महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का दिव्य विवाह संपन्न हुआ था। श्रद्धा के भाव से चंदापुर स्थित जगमोहनेश्वर मंदिर व पहलवान वीर बाबा मंदिर से भव्य झांकियों के साथ शिव-बारात निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और शंखनाद की मधुर ध्वनि के बीच बाराती बने श्रद्धालु झूमते और नाचते नजर आए। महिलाओं ने मंगलगीत गाए तो युवाओं ने पूरे उत्साह से आयोजन में जिम्मेदारी निभाई। बच्चों में भी अपार उमंग देखने को मिली। रात्रि जागरण ने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। भक्त पूरी रात भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल भी इस अवसर पर स्पष्ट दिखाई दी।

**चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिसकर्मीः** जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए शिव बारात निकलने वाले चौराहों पर पुलिस कर्मी लगाए गए थे।

**90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती नवदशकोत्सव श्रद्धा के साथ संपन्नः रायबरेलीः** आध्यात्मिक चेतना, अनुशासन और आत्मजागरण के संदेश के साथ शहर के सुभाष नगर स्थित भाग्य भवन केंद्र में 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का नवदशकोत्सव भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में महाशिवरात्रि को निराकार परमात्मा शिव के अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। बीके ज्योति दीदी, फतेहपुर से आए संतोष भाई, मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय, संरक्षक महेंद्र अग्रवाल एवं मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर शालिनी, जागृति, तुषार, ऋषभ, अंजू, आरती आदि लोग मौजूद रहे।

**श्रद्धालुओं ने चखा प्रसादः रायबरेली :** महाशिवरात्रि पर परशदेपुर के ओंकारेश्वर महादेव धाम में शिवलिंग की फूलों व दीप से भव्य सजावट की गई। वहीं रामचरित मानस पाठ के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अनिल विश्वकर्मा, कमलेश, सुशील, सौरभ, चेतन, दीपक, जितेंद्र, हर्ष, हिमांशु, राम अभिलाष आदि मौजूद रहे।





महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को शहर के इंदिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार



चंदापुर कोठी स्थित जगमोहनेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु।



जगमोहनेश्वर मंदिर में फूलों से सजा भगवान शिव का दरबार।

### राज्यमंत्री ने किया जलाभिषेक

**संवाददाता बछरावां, रायबरेली।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रामपुर सुदौली स्थित प्रसिद्ध भवरेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भवरेश्वर मेला समिति के अध्यक्ष द्वारा राज्यमंत्री का माल्यार्पण किया गया।

### भक्तों की लगीं कतारें

**संवाददाता सलोन, रायबरेली।** महाशिवरात्रि के पर्व पर रविवार को झारखण्डेश्वर मंदिर मटका में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। श्रद्धालु हाथों में गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प गेंहू की बाली लेकर भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। कस्बे के मनकमेश्वरी मंदिर और मनकामेश्वर मंदिर में विशेष सजावट की गई।

### शिव भक्तों ने धूमधाम से निकाली शिव बारात



सलोन में शिव बारात निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**सलोन, रायबरेली।** रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजक नागार्जुन प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक भक्तों ने पैदल विद्युत घर शिव मंदिर से शिव बारात निकाली गई। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने कस्बे के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। इस दौरान वाद्य यंत्र की आवाज सुन लोग शिव बारात का हिस्सा होते गए। इसके बाद परशदेपुर मार्ग स्थित संतोष कोल्ड स्टोर शिव मंदिर पर शिव बारात यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में हिन्दू संगठन के नेता राम सजीवन गौड़, सुरेश सिंह, शुभम साहू, दिनेश कौशल, नगर पुरोहित पंडित गया प्रसाद शास्त्री, रोहन साहू, अमन जायसवाल रहे। एसडीएम चन्द्र प्रकाश ने बताया कि शिव बारात यात्रा विद्युत घर सलोन से संतोष कोल्ड स्टोर तक निकाली गई।

### हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे मंदिर



शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली।** महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर, प्राचीनकालीन औसानेश्वर महादेव मंदिर, कोटवा स्थित भैसेश्वर महादेव मन्दिर, ओसाह स्थित कोटेश्वर महादेव मन्दिर, बैंती स्थित मध्य रामेश्वरम् मन्दिर, बैंती बाजार स्थित महादेव मंदिर, पूर्बिया मजरे ओसाह स्थित शिव मन्दिर, देहली स्थित ग्यारह ज्योर्तिलिंगी महादेव मन्दिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं शिव मन्दिर में सीएचसी अधीक्षक डा. प्रेमशरन ने अपनी धर्मपत्नी रश्मि रावत के साथ मन्दिर में रुद्राभिषेक कर मानव कल्याण की कामना की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर श्री बरखण्डीनाथ महादेव तथा मन्दिर के आस-पास चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामकिशोर मौर्य, जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी सहित 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मन्दिर में जलाभिषेक किया। मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्त उमड़े थे।

### शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के जमुरांवा गांव स्थित प्राचीन पंचेश्वर शिव मंदिर, मोन गांव के सिद्धेश्वर शिव मंदिर, कैर गांव के कैरेश्वर शिव मंदिर, महराजगंज कस्बा स्थित दानेश्वर शिव मंदिर और सोमनाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा अर्पित कर पूजन-अर्चन किया। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक के विशेष आयोजन भी किए गए। सिद्धेश्वर शिव मंदिर के पुजारी भोलाशंकर ने बताया कि मंदिर की महिमा अपार है। यहाँ हर वर्ष कई गांवों के श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इधर, अलसुबह से ही शिव मंदिरों में बाबा के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता उमड़ा रहा। सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।



भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भगवान शिव को दूध, दही और शहद किया अर्पित

**लालगंज, रायबरेली।** एमसीएफ के टाइप 4 स्थित आधुनिकेश्वर शिव मंदिर धाम में शिव भक्तों ने भगवान भोले शंकर का दूध, दही, शहद, घी, भस्म, मेवा सहित फूलों से अभिषेक किया। मुख्य यजमान रेल कोच के मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मनोज कुमार जिंदल, आरएन तिवारी, एएमएम संजय, मनीष कुमार, राजन पांडे, सुजीत कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना की। यूनियन लीडर मनोज ओझा ने बताया कि सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक पीके मिश्रा रहेंगे। इस मौके पर राजन गुप्ता, प्रवीन तिवारी, दिनेश कुमार, राजीव रंजन, अवनीश सिंह, अवधेश कु. यादव, सुनील यादव, सुबोध झा, मिथलेश सिंह, सुमन मिश्रा, राज कुमार, राकेश पटेल, पुरुषोत्तम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान व जलाभिषेक



बड़े मठ घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार



नागेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर डलमऊ क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों व शिवालियों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। डलमऊ के सड़क घाट, वीआईपी घाट, रानी शिवाला घाट, बड़ा मठ, छोटा मठ सहित लगभग एक दर्जन से अधिक घाटों पर दूर दराज से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। भक्तों ने घाटों के किनारे स्थित शिवालयों या मंदिरों में जलाभिषेक किया। डलमऊ के नागेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। ग्रामीण क्षेत्र के झारखंडी एवं अन्य मंदिरों पर सुबह से ही भक्त जलाभिषेक के लिए कतार में खड़े दिखाई दिए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। जगह-जगह पर भंडारे का आनंद लिया। क्षेत्र के सुरसना, झारखंडी एवं ऐहार के बाबा बाल्लेश्वर मंदिर में लोगों ने जलाभिषेक के साथ ही मेले का भी आनंद लिया। सुरक्षा को लेकर पुलिस की चौकसी भी लगी रही।



वार्षिकोत्सव में छात्रा को सम्मानित करते अतिथि व अन्य। अमृत विचार

### संस्कारों की पाठशाला है जागृति इंटर कॉलेज : शीतला प्रसाद

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** जागृति इण्टर कॉलेज कुकहा रामपुर में 40वां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रतिनिधि एवं तिलोई ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह रहे। समारोह में छात्र-छात्राओं ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद जवानों के त्याग, बलिदान की अद्भुत झांकी प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया। "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" एकांकी, कवि सम्मेलन और "बेटी घर की लक्ष्मी" लघु नाटिका ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी उर्फ 'राजू भैया' ने कहा कि शिक्षा का यह पावन मन्दिर पिछले 4 दशक से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के अटूट विश्वास को संजोए हुए हैं, जिसमें पढ़कर अनगिनत छात्र-छात्राएं डॉक्टर, इंजीनियर, सेना, पुलिस, शिक्षाविभाग आदि में विभिन्न पदों पर आसीन होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रबन्धक शीतला प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि जागृति इण्टर कॉलेज केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला है। इस अवसर पर उप प्रबन्धक राम प्रकाश पाण्डेय उर्फ सज्जन पाण्डेय, प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य सतीश मिश्रा, संतोष सिंह, विनय मिश्रा, रामकृष्ण वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसपी ने थाने का निरीक्षण कर जांचे अभिलेख

**शिवगढ़, रायबरेली।** जिले के नवागंतुक एसपी रवि कुमार ने रविवार को शिवगढ़ थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस महकमे में सतर्कता का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रचलित अभिलेखों की गहन जांच की तथा महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, मैस, पुलिस बैरक और बंदीगृह की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। एसपी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, महिला एवं साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी राजीव सिंह सहित समस्त स्टाफ को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, आमजन से शालीन व्यवहार करने और कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं बछरावां थाने का भी एसपी ने औचक निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाने पर प्रचलित अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।

## संदिग्ध हालात में लटकता मिला युवती का शव

**सलोन, रायबरेली।** सलोन सर्किल अंतर्गत डीह थाने के परशदेपुर राम सागर मोहल्ला निवासी युवती सोनम उर्फ मैमुना (25) पुत्री नेहाल रविवार को घर के आंगन में संदिग्ध परिस्थितियों में लटकी मिली। परिजन उसे लेकर सीएचसी सलोन पहुँचे। परिजन ने इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर जावेद से बताया कि छत पर कपड़ा डालने गई थी। बिजली का तार कटा था। अचानक उसकी चपेट में आकर छत पर घण्टो पड़ी थी।डॉक्टर जावेद ने बताया कि लड़की के शरीर पर करंट के कोई निशान नही मिले। जिससे परिजनों द्वारा बताई कहानी पर उन्हें संदेह भी हुआ।सीपीआर के बाद लड़की को मृत घोषित कर घटना की जानकारी के लिए पुलिस डेथ मेमो तैयार किया जा रहा था। तभी डॉक्टर को थक्का देकर परिजन युवती के शव को अस्पताल से लेकर भाग निकले। डॉक्टर जावेद ने बताया कि उन्हें थक्का देकर शव लेकर अस्पताल से भागे हैं। सीएचसी अधीक्षक अमित सिंह ने बताया घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।



प्रमाण-पत्र के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की होगी शुरुआत : योगेंद्र त्रिवेदी

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के तेजगांव कॉम्प्लेक्स स्थित जीपी इन्फोटेक कंप्यूटर एकेडमी में छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। डायरेक्टर योगेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर क्षेत्र में बच्चों को सदैव तकनीकी ज्ञान के माध्यम से आगे बढ़ाना है। आज कंप्यूटर एक ऐसी जरूरत बनकर रह गया है जिसके बिना ना ही कोई व्यापार और ना ही कोई नौकरी मुमकिन है। यदि छात्र-छात्राएं कंप्यूटर का ज्ञान विस्तृत रूप से अर्जित कर लेते हैं तो उन्हें सफलता के मार्ग पर प्रशस्त होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने बताया कि 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कोर्सो की शुरुआत की जा रही है। साथ ही कंप्यूटर ऑपरेटर के पदों की भी क्लासेज प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर संध्या गुप्ता, गौरव शुक्ला, अनुष्का, सौरभ, दिव्यांश, महिमा दीक्षित, अर्पिता यादव, अनुष्का, अंजली, वैष्णवी, पलक, खुशी ,चांदनी, तनु, गुड़िया आदि छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।



बच्चों को बोर्ड परीक्षा के प्रति मोटिवेट करते प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला।

### विद्यालय ज्ञान और साधना का मंदिर : दीप प्रकाश

**लालगंज, रायबरेली।** चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने अपने-अपने स्कूली शिक्षा के यादगार पलो को कविता, भाषण, गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय ज्ञान तथा साधना का मंदिर है। इसमें गुरुजनों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को परिश्रम करके सलोना रूप प्रदान किया जाता है, हम सभी आपके जीवन में भविष्य निर्माण में तन मन धन से हमेशा लगे रहेंगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला, शैलेन्द्र गुप्ता, कृष्णा सिंह, शुभम, रजनीश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ शिक्षक रोहित शर्मा ने किया।

## मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती को खेल जरूरी

प्रतियोगिता

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायन इंटरनेशनल स्कूल के खेल के मैदान में तृतीय डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स संघ के महासचिव मंजीत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है स्केटिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने रायबरेली के खिलाड़ियों की तारीफ की।

जिला प्रोटोकॉल एवं लाइसनिंग ऑफिसर रामेंद्र मिश्रा ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। जिला ओलंपिक संघ के महासचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला ने विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या सदफ खान ने सभी अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। रोलर स्केटिंग की प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 6 से 8 वर्ष आयु ग्रुप के इन लाइन प्रतियोगिता में फाहद जयान प्रथम, शशांक सिंह द्वितीय, महिथ सिंह को तृतीय व बालिका वर्ग 6 से 8 आयु वर्ग में अग्रिम शुक्ला प्रथम, अर्थ श्री शर्मा द्वितीय, इनबा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 8 से 10 आयु वर्ग बालिका की क्वॉड प्रतियोगिता में धान्या मिश्रा प्रथम, श्रेया कपूर द्वितीय, कीमाया टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बालक वर्ग की 8 से 10 आयु वर्ग में रुद्रांश सिंह प्रथम, सूर्य पटेल द्वितीय, सर्वज्ञ प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावां अन्य खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता में शानदान प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन खेल शिक्षक अभिषेक द्विवेदी एवं रीना मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर दिव्यांश, मानवेंद्र, रितेश, आदेश राय, ईशु, विनोद शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



रायन इंटरनेशनल स्कूल में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।



गोवंश को गुड़ खिलाते मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप द्विवेदी व उनकी टीम।

### वृहद गो-संरक्षण केंद्र में हुई नंदी पूजा

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** वृहद गो संरक्षण केंद्र में गोवंश को केला, गुड़ सहित अन्य मिष्ठान खिलाकर पूजन किया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप द्विवेदी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर डॉ. संजय कुमार सिंह द्वारा वृहद गो संरक्षण केंद्र बेला खारा में प्रधान राजेश कुमार सोनी, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी पुष्पराज सिंह एवं केयरटेकर दिनेश कुमार सोनी की उपस्थिति में नंदी पूजन का आयोजन हुआ। गोवंशों का पूजन कर गुड़, केला, मिष्ठान,हरा चारा, मिनरल मिक्सचर उन्हें खिलाया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह ने हरियाणा से लाये गये छह भेड़ बच्चों को भेड़ पालकों को वितरित किया। श्री सिंह ने बताया कि इससे भेड़ प्रजनन में बेहतर सुधार होंगा। इस मौके पर अखिलेश, कल्लू, श्रवण, राजेश यादव, अमरनाथ आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो घरों से लाखों रुपये के आभूषण चोरी

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अभिमान खेड़ा मजरे रानीखेड़ा में बेखौफ चोरों ने 2 घरों को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात एवं नगदी पार कर दी। मालती पत्नी स्व. रामनारायन ने बताया कि सुबह दरवाजे की कुण्डी और कमरे के अन्दर रखे बक्से का ताला टूटा होने की जानकारी हुई। पड़ोसी रामखेलावन ने बताया कि वह अपने बगल वाले दूसरे घर में परिवार के साथ लेटे थे। सुबह उठे तो देखा तो उनके दूसरे घर के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और अन्दर सामान बिखरा पड़ा था। इस दौरान चोरों ने घर से लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। शिवगढ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### मोटरसाइकिल चोरी का वीडियो वायरल

**बछरावां, रायबरेली।** रविवार की दोपहर बाइक चोरी का एक सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात्रि कस्बे के शिवगढ़ रोड बाईपास पर स्थित पानी टंकी के पास का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**छतोह, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में एक व्यक्ति का शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान रामलखन के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर डीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

**महाशिवरात्रि**

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को क्षेत्र के सभी शिवालय 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठे। हजारों की संख्या में भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर कई स्थानों पर अखंड भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। सुबह से ही शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा 1 फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष रविवार को था, जिसे भक्तों ने अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत रखने और भगवान शिव की पूजा करने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस व्रत को रखने से व्यक्ति को सभी सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है और अंततः मोक्ष मिलता है। यह व्रत सभी प्रकार के पापों का क्षय करने वाला माना जाता है। शास्त्रों में इस व्रत को लगातार 14 वर्षों तक विधि-विधान से करने के उपरांत उसका उद्यापन करने का विधान बताया गया है। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भोर से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बाबा मुकुट नाथ धाम में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।



जगेसरननाथ धाम में लगी कतार व जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**टीकर माफी आश्रम में उमड़ी आस्था: टीकरमाफी, अमेठी:** रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अमेठी के टीकर माफी स्थित टीकर माफी आश्रम में बने बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज गांवों से आए हजारों भक्तों ने "हर-हर महादेव" के जयकारों के साथ कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन-अर्चन किया। मठ के पीठाधीश्वर हरि चैतन्य जी महाराज की मौजूदगी में विशेष पूजन और भव्य आरती संपन्न कराई गई। उन्होंने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चे मन से शिव आराधना करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति मिलती है। मंदिर परिसर दिनभर "बम-बम भोले" के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, गंगाजल, बेलपत्र और फूल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। आश्रम प्रबंधन ने दर्शन व्यवस्था सुचारु रखने के लिए विशेष इंतजाम किए, वहीं पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। देर शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहा।

**शिव मंदिर में हुआ भव्य जलाभिषेक:मुंशीगंज, अमेठी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुंशीगंज चौराहा स्थित शिव मंदिर में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और दूर-दराज से आए भक्तों ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर में सुबह से ही हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा और फूल अर्पित कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत भी रखा और पूरे दिन भगवान शिव के भजन-कीर्तन में लीन रहे। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया और देर शाम तक मंदिर में पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और मंदिर समिति का सराहनीय सहयोग रहा।



टीकरमाफी आश्रम में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### मंदिरों में की आकर्षक सजावट

**संग्रामपुर अमेठी, अमृत विचार।** संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तजन भगवान शिव के जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए मंदिरों में कतारबद्ध दिखाई दिए। पूरा क्षेत्र "हर हर महादेव" के जयकारों से गूंजता रहा। महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक सजावट से सजाया गया। कई स्थानों पर शिव बारात शोभायात्रा निकाली गई तथा मेले का भी आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की अच्छी-खासी भीड़ रही। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामगढ़ स्थित सिद्धेश्वर नाथ क्षेत्र डेहरा, बाबा झारखंड, कालिकन धाम, गणेश देवतन, नीलकंठ, सहजीपुर का प्राचीन शिव मंदिर, दुख भंजन धाम, दिन का पुरवा शिवालय, कसांपुर सहित विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना की गयी।

## तपेश्वर नाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**फुरसतगंज, अमेठी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध तपेश्वर नाथ धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रात लगभग 12 बजे से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया और दोपहर तीन बजे तक जलाभिषेक का सिलसिला लगातार चलता रहा। मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए थे। डेढ़ कंपनी पीएसी सहित पुलिस लाइन से आए सौ से अधिक पुलिसकर्मियों ने थाना फुरसतगंज, जायस कोतवाली और मोहनगंज थाने की टीम के साथ मिलकर मेले की व्यवस्था संभाली। महिला पुलिस की भी तैनाती की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शाम के समय मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से भर दिया। शोभा यात्रा में 51 ट्रैक्टर, 51 घोड़े और 21 डीजे शामिल रहे। भगवान भोलेनाथ की झांकियों और भक्ति संगीत ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन से जुड़े जिम्मेदार लोगों ने बताया कि यह धार्मिक मेला वर्ष 1955 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।



भोलेनाथ की बारात में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार



तपेश्वर नाथ धाम में जलाभिषेक करते भक्त।

**प्रति वर्ष तपेश्वर नाथ धाम पर तीन बार लगता है मेला:** मंदिर कमेटी के द्वारा प्रतिवर्ष मंदिर प्रागल पर तीन बार विशाल मेला लगाया जाता है जिसमें मुख्य भूमिका भक्तों के आना जाने का सिलसिला श्रावण मास में भरपूर रहती है जो पूरे सावन भर चलती रहती है इसी मंदिर प्रांगण में जलाभिषेक करने वाले कांवरियों के लिए दवा भोजन तक की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा किया जाता है जिसके लिए मंदिर कमेटी महीना पहले से तैयारी करती है दूसरा मेला होली के दूसरे दिन दो दिवसीय विशाल चाचर मेला मेला कमेटी द्वारा ही लगाया जाता है।

# पूरे घिसई में किसान की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता तिलोई, अमेठी



**अमृत विचार।** मोहनगंज थाना क्षेत्र की शंकरगंज पुलिस चौकी अंतर्गत एक किसान की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिससे पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना पर एसपी सरवणन टी. ने मौके का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य संकलन के निर्देश दिए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना स्थल पर पुलिस को कुल्हाड़ी, हशिया और एक पर्स मिला है। जानकारी के अनुसार गांव पूरे घिसई मजरे लीही निवासी शिव प्रसाद पासी (50) शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे घर से खाना खाकर खेत पर गए थे, जहां वह सूअर बाड़ा बनाकर जानवर पालते थे और गेहूं की फसल की रखवाली करते हुए वहीं झोपड़ी में सो जाते थे। रविवार सुबह करीब 6:30 बजे गांव के कुछ लोग खेत की ओर गए और आवाज लगाने पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर झोपड़ी के अंदर पहुंचे। वहां तख्त पर शिव प्रसाद का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। शरीर पर चोट के कई निशान थे और सिर पर गहरे घाव देखकर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक के बेटे जगदीश पासी ने बताया कि हाल ही में उनके पिता का किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा व अन्य मौजूद रहे। एडिशनल एसपी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे जगदीश के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए टीम लगाई गई है पुलिस जांच में जुटी है।



घटनास्थल का निरीक्षण करते एसपी सरवणन टी। अमृत विचार



वारदात के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# रायबरेली बना क्रिकेट स्पर्धा का विजेता

**रायबरेली, अमृत विचार।** डीह ब्लॉक के ग्राम बिरनावा के मेला ग्राउंड में चल रही ठाकुर बाबा प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में रायबरेली ने परशदेपुर को 83 रनों से हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबला एनएच पब्लिक स्कूल परशदेपुर और हितेश इलेवन रायबरेली के बीच आरम्भ हुआ। टॉस जीतकर हितेश इलेवन ने 12 ओवर में 09 विकेट पर 164 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एनएच पब्लिक स्कूल परशदेपुर की पूरी टीम आठ ओवर में 81 रन ही सिमट गई। मुख्य अतिथि अमित सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि तेज कुमार सिंह व विजय सिंह बाबुल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी और नकद धनराशि प्रदान किया। हितेश इलेवन टीम के खिलाड़ी किशन को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। आयोजक मंडल के सदस्य फिरोज अहमद, बलकरन सिंह, रविन्द्र मास्टर, रॉबिन सिंह, हंसराज, प्रवीण जायसवाल, नीरज तिवारी, शिव नारायण मौर्य का सहयोग रहा। कमेंट्री मनोज साहू ने की। पुष्पेंद्र सिंह, विवेक सिंह, शालू सिंह, युवराज सिंह, कृष्णा वर्मा, पवन कुमार सिंह, बब्बन सिंह, शिव कुमार सिंह, रितेश सिंह आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि व आयोजक। अमृत विचार

## बैठक में शैक्षणिक प्रगति अनुशासन और विकास को लेकर किया मंथन

**संग्रामपुर, अमेठी।** शिक्षा स्तर में सुधार लाने के दृष्टिकोण से शनिवार शाम जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संग्रामपुर में अध्यापक- अभिभावक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्घाटन भवसिंहपुर प्रधान अशोक कुमार उपाध्याय के हाथों दीप प्रज्वलित करके किया गया। बैठक में अभिभावक काफी संख्या में उपस्थित थे। अभिभावक शिक्षक बैठक में अभिभावक मुख्य अतिथि और शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा अभिभावकों के साथ छात्राओं के साथ शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और सर्वांगीण विकास पर सार्थक चर्चा की गई। अतिथियों द्वारा बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों मे निरंतर सहयोग की अपील की गई। बैठक में सीमा मिश्रा, समस्त विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

## तिवारी पुस्तक भंडार ने दो दर्जन विद्यालयों को वितरित की कुर्सी

**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र में सामाजिक सहयोग का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। तिवारी पुस्तक भंडार द्वारा क्षेत्र के लगभग दो दर्जन विद्यालयों में कुर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार शुक्ला प्रदेश सचिव, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज उपस्थित रहे। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर, राम कुमार स्मारक इण्टर कालेज, आर डी कॉन्वेंट,सेंटजान पब्लिक, माताफेर पब्लिक स्कूल, आर के विनर्स अकाडमी प्रताप नारायण शुकुल इण्टर कॉलेज, राजकीय ,बालिका इण्टर कॉलेज, सावित्री सरोज इण्टर कालेज, विद्यालयों के प्रतिनिधियों को कुर्सियाँ वितरित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज का सहयोग बेहद आवश्यक है। विद्यालयों में बैठने की बेहतर व्यवस्था से विद्यार्थियों को पढ़ाई में सुविधा मिलेगी। विद्यालय प्रबंधकों ने तिवारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से शिक्षा को मजबूती मिलती है। आयोजक अजय तिवारी ने बताया कि भविष्य में भी समाज हित के ऐसे कार्य जारी रहेंगे।



कुर्सी वितरित करते राजकुमार शुक्ला। अमृत विचार

## आरोग्य मेले का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो में एक चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में जिलेभर से कुल 1559 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनमें 711 पुरुष, 696 महिलाएं और 152 बच्चों की जांच कर उपचार किया गया। गंभीर स्थिति वाले पांच मरीजों को बेहतर इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर रेफर किया गया। सीएमओ ने बताया कि मेले के दौरान 63 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। मेले के सफल आयोजन के लिए 57 चिकित्सकों और 247 पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## बीमा के 25 लाख रुपये दिलाने के नाम पर की साइबर ठगी

**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम ब्यौरेमऊ, निवासी राम मिलन ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्ष 2021 में उनके पास एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम राहुल जैन बताते हुए कहा कि उनकी बीमा पॉलिसी की राशि लगभग 25 लाख रुपये हो चुकी है। पीड़ित के अनुसार बाद में उन्हें कथित आयकर अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के नाम पत्र लिखकर व्हाट्सऐप करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने भेज दिया। इसके बाद अलग-अलग बहानों से लगातार पैसे जमा कराए जाने लगे। आरोप है कि उनसे विभिन्न माध्यमों से धनराशि स्टेट बैंक की साउथ एक्सटेंशन शाखा, नई दिल्ली स्थित "आईडीएस सर्विस" नाम के खाते में ट्रांसफर करवाई गई। पीड़ित का कहना है कि 6 अगस्त 2025 तक उनसे करीब 42 लाख रुपये से अधिक की रकम जमा कराई जा चुकी है। अंतिम भुगतान के बाद उन्हें भरोसा दिया गया कि पीएफएमएस के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर पूरी राशि उनके खाते में भेज दी जाएगी, लेकिन इसके बाद से आरोपी बीमारी का बहाना बनाकर फोन काटते रहे। पीड़ित ने पुलिस से साइबर क्राइम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई करने व पूरी धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर राहुल जैन उर्फ सिद्धार्थ निवासी अज्ञात मनोज कुमार गुप्ता निवासी अज्ञात खाता नं0-37144592964 का ग्राहक नाम पता अज्ञात पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अभी भी दहशत: पटाखा व्यवसायी के घर विस्फोट की कहानी, पड़ोसियों की जुबानी

- धमाके की आवाज से सोए लोगों की खुली आंखे, उठे तो चारों ओर धुंआ ही धुंआ

संवाददाता सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** लगा जैसे कांप गई धरती। पल भर में बिखर गईं दीवारें, धूल-मलबा और चीत्कार कुछ ही पलों में मकान खंडहर में तब्दील हो गए। अमृत विचार को साहबगंज बाजार के लोगों ने शुक्रवार की रात आंखों देखी भयावह हादसा को बताया। लखनऊ जौनपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर सलोन क्षेत्र का साहबगंज बाजार पड़ता है। घटना स्थल के इर्दगिर्द ज्यादातर शिल्पकारों के घर है। शिल्पकारों के मुताबिक रात्रि के दो बजे मोहल्ले के लोग गहरी नींद में थे। अचानक इतना जोर का धमाका हुआ, लगा जैसे कान के पर्दे फट जाएंगे। उसके बाद धमाकों का यह क्रम करीब दस मिनट तक चला। बताया कि वह जब तक कुछ समझ पाते, मुहल्ले के कई घरों की दीवार उड़ चुकी थी।



विस्फोट के बाद उड़ा फिरोज का मकान और क्षतिग्रस्त बाइक।



घटना की जानकारी देती पड़ोस की रुक्सार। अमृत विचार

**विस्फोट का कारण प्रतिबंधित सुतली बम या पोटाश तो नहीं:** पटाखा व्यवसाई के घर पर सिलेंडर से ब्लास्ट नही बल्कि बारूद से धमाका होने की खबर सामने आई है। क्षेत्र में दबी जुबान चर्चा जोरों पर है कि कही न कही विस्फोट का कारण प्रतिबन्धित सुतली बम या पोटास हो सकता है। वही मलबे के चारो ओर पड़े बारूद घटना की कहानी बयां कर रहे है। घटना के दूसरे दिन मीडिया टीम की पड़ताल में दोनों सिलेंडर, विस्फोट से मलबे में तब्दील रसोई घर में रखा हुआ है। एक सिलेंडर में रेगुलेटर लगा हुआ है जबकि दूसरा बगैर ढक्कन के खुला रखा था। अग्निशमन केंद्र सलोन प्रभारी गोपी चंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना वाली रात बहुत अत्यधिक अंधेरा था। स्थित भयावह थी कुछ लोगों ने बताया कि गैस सिलेंडर में रिसाव हो रहा है। जान जोखिम में डालकर अंदर जाकर सिलेंडर का रेगुलेटर बंद किया।



घटनास्थल पर बिखरा पटाखा। अमृत विचार

### जिंदगी भर के लिए दर्द दे गया पटाखा विस्फोट

हादसे में जो लोग जिंदा बचे हैं, उन्हें जिंदगीभर का दर्द मिला है। खासकर पटाखे से इज्जत शोहरत कमाने वाले लाइसेंसी मुहम्मद यूनुस इतने बदनसीब निकले की अंतिम समय अपनी वृद्ध पत्नी अखतरुन रुखसत भी न कर सके। रविवार को वृद्ध महिला का अंतिम संस्कार उसके पैतृक निवास रेहुआ लालगंज जनपद प्रतापगढ़ में किया गया। बारूद के ढेर पर अपने साथ 13 परिवार की जिंदगी को खतरे में डालने वाले पटाखा व्यवसाई का घर अवैध पटाखे के धमाके में बर्बाद हो गया।

### चौखट लांघने में अब भी बना डर

बम धमाके के बाद आस पड़ोस के लगभग दर्जनभर घर प्रभावित हुए है। प्रभावित लोगों में राम शंकर, राम चन्द्र, प्रताप, रवि, मिलन, राम प्रसाद, राम नरेश समेत लगभग पचास लोग है। घटना वाले दिन अधिकारियों ने जिस तरह से तेजी दिखाई प्रभावित लोगों को मदद की आस दिखाई दी। लेकिन घटना के दूसरे दिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इनसे मुह मोड़ लिया। बारूद के विस्फोट से दहशत में शिल्पकार परिवार घर की चौखट लांघने से डर रहा है। शिल्पकार परिवार ने बताया कि हादसे के बाद कुछ लोगो ने सर्द रात खुले आसमान के नीचे बिताकर काटी है। जबकि घर महिलाएं और बच्चे परिवार के पट्टीदार हरिश्चंद्र के यहां रहकर बिताई है। पीड़ित महिला सविता ने बताया कि घर विस्फोट से जर्जर हो चुके मकान के अंदर जाने से जी घबराता है। खाने के लिए अनाज और पहनने के लिए कपड़े सब उसी घर में दबे हैं।

